UPHIN/2011/39718

(डिजिटल संस्करण)

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत
वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-229 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) शनिवार 01 अगस्त 2026 youngbharatE-paper.com

# चुनाव से पहले सीएम योगी ने चला ऐसा दांव

## उड़ गई अखिलेश और मायावती की नींद



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 में भले ही अभी थोड़ा वक्त बाकी हो, लेकिन प्रदेश की सियासत का पारा अभी से सातवें आसमान पर पहुंच चुका है। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने अपनी-अपनी राजनीतिक रणनीतियां बनानी शुरू कर दी हैं, लेकिन जब मैदान पर उतरकर काम करने की बात आती है, तो जमीनी सक्रियता के आंकड़े कुछ और ही दास्तां बयां कर रहे हैं।

एक तरफ जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार पूरे प्रदेश का तूफानी दौरा कर रहे हैं और सीधे जनता के बीच पहुंच रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ मुख्य विपक्षी दलों की गतिविधियां और उनके नेता मैदान से गायब नजर आ रहे हैं। पिछले दो महीनों के आंकड़े इस बात की गवाही दे रहे हैं कि सीएम योगी अकेले 100 से ज्यादा विधानसभा सीटों तक अपनी सीधी पहुंच बना चुके हैं, जबकि विपक्ष इस मामले में मीलों पीछे छूट गया है। आज के समय में उत्तर प्रदेश की राजनीति में अगर सबसे ज्यादा एक्टिव नेता की बात की जाए, तो उसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम सबसे ऊपर आता है। पिछले करीब 45 दिनों के अंदर ही उन्होंने प्रदेश के सभी 18 मंडलों का तूफानी दौरा पूरी तरह से पूरा कर लिया है। इस दौरान उन्होंने पूर्वांचल से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड तक लगातार ताबड़तोड़ जनसंपर्क अभियान चलाए हैं। सामने आई जानकारी के मुताबिक, इन दौरों के दौरान मुख्यमंत्री ने बिजनौर, गाजियाबाद, आगरा, झांसी, मैनपुरी, वाराणसी और गोरखपुर जैसे कई बड़े और अहम जिलों का दौरा किया है। इन कार्यक्रमों में उन्होंने न सिर्फ चल रही विकास परियोजनाओं की जमीनी स्तर पर समीक्षा की, बल्कि जनता को नई-नई कल्याणकारी योजनाओं की सौगात भी दी और विशाल जनसभाओं के जरिए सीधे लोगों से संवाद स्थापित किया। इन ताबड़तोड़ दौरों के दम पर सीएम योगी अब तक 100 से ज्यादा विधानसभा क्षेत्रों में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज करा चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यह सक्रियता सिर्फ चुनावी भाषणों या सभाओं तक ही सीमित नहीं रही है, बल्कि वे सरकार, पार्टी संगठन और सीधे जनता से जुड़े हर एक मोर्चे पर पूरी तरह मुस्तैद नजर आए हैं। प्रदेश की कानून-व्यवस्था को लेकर लगातार नियमित समीक्षा बैठकें की गई हैं, प्रशासनिक कामकाज पर कड़ी नजर रखी जा रही है और आला अधिकारियों के साथ बैठकों का दौर जारी है। इसके साथ ही पार्टी संगठन से जुड़े कार्यक्रमों में भी उनकी सक्रिय भागीदारी लगातार बनी हुई है। विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात और संगठनात्मक बैठकों के जरिए वे राजनीतिक गतिविधियों में पूरी तरह छाए हुए हैं। इसके अलावा राजधानी लखनऊ में हर, नियमित रूप से आयोजित होने वाले 'जनता दर्शन' कार्यक्रम के माध्यम से वे आम जनता की समस्याएं खुद सुनते हैं और उनके त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश भी देते हैं।अगर मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी की जमीनी सक्रियता की बात की जाए, तो वह इस मामले में काफी सुस्त नजर आ रही है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की आखिरी बड़ी सार्वजनिक जनसभा इस साल मार्च 2026 में दादरी के इलाके में आयोजित की गई थी, जिसे पार्टी के चुनावी अभियान की आधिकारिक शुरुआत के रूप में देखा गया था। हालांकि, उसके बाद बीते चार महीनों के लंबे अंतराल के दौरान उनकी कोई भी बड़ी जनसभा मैदान में देखने को नहीं मिली है।

# शादीशुदा से प्यार में मिली मौत! अधेड़ का अपहरण कर हत्या

## 20 घंटे शव कार में लेकर घूमे फिर जंगल में फूंका



( यंग भारत न्यूज )

उरई में लगभग तीन माह पुराने चर्चित विजेंद्र मोर अपहरण-हत्याकांड का गुरुवार को सनसनीखेज खुलासा कर पुलिस ने आरोपी दंपति को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मोहित मलिक और उसकी पत्नी सपना दोनों पर ही 50-50 हजार रुपये का इनाम था।

हालांकि मामले में तीन आरोपी अभी भी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने पूछताछ में कबूला कि 4 मई को तड़के अपहरण करने के कुछ ही देर बाद उन्होंने विजेंद्र मोर की गला घोटकर हत्या कर दी और फिर शव को ठिकाने लगाने के लिए लगभग 20 घंटे तक कार में लिए घूमते रहे। आधी रात को वे शव ले हमीरपुर के जलालपुर क्षेत्र के जंगल में पहुंचे और 40 लीटर डीजल डालकर आग लगा दी। पुलिस के मुताबिक वारदात शादीशुदा युवती से मोहब्बत और करोड़ों की जमीन के विवाद के चलते अंजाम दी गई। एसपी विनय कुमार सिंह के मुताबिक चार मई 2026 की सुबह हरियाणा के जींद निवासी 52 वर्षीय विजेंद्र मोर उरई कोतवाली क्षेत्र के रिनिया गांव स्थित ट्यूबवेल पर सो रहे थे। तभी चार लोग वहां पहुंचे और उन्हें जबरन कार में बैठाकर ले गए। विजेंद्र के साथी व रिश्तेदार अमरीक सिंह की तहरीर पर उरई कोतवाली में अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना जैसे-जैसे आगे बढ़ी, मामला सुनियोजित हत्या की साजिश में बदलता चला गया। पुलिस के अनुसार विवेचना में सामने आया कि आरोपी सपना रानी और विजेंद्र मोर के बीच प्रेम संबंध थे। विजेंद्र की उम्र ज्यादा होने की वजह से सपना ने मोहित मलिक से शादी कर ली। हालांकि शादी के बाद भी दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत जारी रही। इसी बात को लेकर मोहित मलिक और विजेंद्र के बीच विवाद हुआ। दूसरी ओर विजेंद्र की करीब पांच करोड़ रुपये की जमीन के लेन-देन को लेकर भी रंजिश चल रही थी। पुलिस के मुताबिक, चार मई को अपहरण के कुछ ही देर बाद कार के भीतर विजेंद्र का गला घोट दिया गया। हत्या के बाद आरोपी पूरे दिन और आधी रात तक शव को कार में लेकर घूमते रहे। देर रात हमीरपुर जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के जंगल में शव पर करीब 40 लीटर डीजल डालकर आग लगा दी गई ताकि पहचान और साक्ष्य पूरी तरह नष्ट हो जाएं। करीब 86 दिन तक चली विवेचना, तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर पुलिस ने 29 जुलाई को कदौरा क्षेत्र से 50-50 हजार रुपये के इनामी मोहित मलिक और उसकी पत्नी सपना रानी निवासी गण ग्राम शामलो कला थाना जुलाना जिंद हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर जंगल से जले हुए विजेंद्र के कंकाल के कुछ हिस्से बरामद किए। पुलिस का कहना है कि वारदात में शामिल तीन अन्य आरोपियों भगवान, संजीव उर्फ कोकला निवासी गांव ग्राम शामलो कला थाना जुलाना जिंद हरियाणा और अमरजीत निवासी ग्राम बिसान बेरी जिला झज्जर हरियाणा की तलाश है।

# '2027 में अखिलेश तो 29 में डिंपल...' सपा मुख्यालय के बाहर लगे पोस्टरों ने बदल दिया क्वकी राजनीति का माहौल



( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर पोस्टर वॉर बेहद गंभीर चर्चा का बड़ा विषय बन गया है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में समाजवादी पार्टी मुख्यालय के बाहर लगाए गए नए पोस्टरों ने सियासी हलचल तेज कर दी है।

इसके साथ ही आगामी साल 2027 के विधानसभा चुनाव और 2029 के लोकसभा चुनाव को लेकर भी बड़ा राजनीतिक संदेश देने का पूरा प्रयास किया गया है। पोस्टरों में लिखा गया नारा, '27 में अखिलेश का राज, 29 में डिंपल का ताज', अब राजनीतिक गलियारों में चर्चा का बड़ा केंद्र बन गया है। लखनऊ के विक्रमादित्य मार्ग पर स्थित समाजवादी पार्टी मुख्यालय के बाहर कई नए पोस्टर लगाए गए हैं। इन पोस्टरों में पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और सांसद डिंपल यादव की तस्वीरों के साथ भविष्य के चुनावों को लेकर बड़ा दावा किया गया है। पोस्टर में लिखा गया है कि '27 में अखिलेश का राज, 29 में डिंपल का ताज'। इस नारे को समाजवादी पार्टी की आगामी चुनावों की राजनीतिक रणनीति के संकेत के तौर पर भी देखा जा रहा है। पोस्टर लगने के बाद प्रदेश की राजनीति में इसे लेकर चर्चा और तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी ने इस बार पोस्टरों के माध्यम से चंदा और आरक्षण दोनों मुद्दों को एक साथ उठाया है। एक पोस्टर पर लिखा गया है कि 'चंदा चोरी से चला जिनका घर, अब आरक्षण पर कर रहे हैं प्रश्न'। वहीं, दूसरे पोस्टर में लिखा गया है कि 'चंदा चोरी से जिनका नहीं भरा मन, अब आरक्षण पर कर रहे हैं मनमाना'। इन नारों के माध्यम से समाजवादी पार्टी ने बीजेपी पर सीधा राजनीतिक हमला बोला है। इन सबके बीच सबसे विशेष बात यह है कि पार्टी ने पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक यानी पीडीए की राजनीति को आगे बढ़ाते हुए आरक्षण के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया है। इन पोस्टरों में केवल मौजूदा राजनीतिक मुद्दों को ही नहीं उठाया गया, बल्कि आने वाले चुनावों को लेकर भी बड़ा महत्वपूर्ण संदेश दिया गया है। अखिलेश यादव को साल 2027 के विधानसभा चुनाव से जोड़ते हुए 'राज' का नारा दिया गया है, जबकि सांसद डिंपल यादव को 2029 के लोकसभा चुनाव के संदर्भ में 'ताज' से जोड़ा गया है। पोस्टरों के माध्यम से समाजवादी पार्टी ने यह संदेश देने का प्रयास किया है कि पार्टी आगामी दोनों बड़े चुनावों के लिए अभी से माहौल तैयार करने में जुट गई है। समाजवादी पार्टी मुख्यालय के बाहर लगाए गए इन सभी पोस्टरों और होर्डिंग्स को प्रतापगढ़ के समाजवादी नेता और समाजवादी सेवक हल्लू राम सुंदर यादव ने लगवाया है। पोस्टर सामने आने के बाद राजनीतिक हलकों में इसकी चर्चा तेजी से बढ़ रही है। यह पहली बार नहीं है जब समाजवादी पार्टी मुख्यालय के बाहर लगे पोस्टर चर्चा में आए हों। इससे पहले केंद्रीय शिक्षा मंत्री रहे धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद भी पार्टी कार्यालय के बाहर एक बड़ी होर्डिंग लगाई गई थी। उस होर्डिंग में धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को छात्र आंदोलन और जनशक्ति की जीत बताया गया था। साथ ही आंदोलन में शामिल छात्रों, पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और आम जनता का आभार व्यक्त किया गया था। उस धन्यवाद संदेश में अखिलेश यादव और डिंपल यादव के नेतृत्व की भी प्रशंसा की गई थी।

# जनपद में भृष्टाचार का बोलबाला, सरकार के अरबों रुपये की जांचे हैं पेंडिंग

## डीएम के आदेश से प्रशिक्षु आईएएस रिंकू सिंह से ले ली गई दूसरी जांच भी वापस

(प्रधान सम्पादक)

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनपद में चाहे आज तक के सबसे बड़े भृष्टाचार नामामि गंगे योजना का मामला हो चाहे किसानों और सरकार दोनो को लूटने वाले लघु सिंचाई विभाग का तथा ग्रामीण विकास में मची लूट हो अथवा सरकारी दफ़्तरों में जनता से हो रही भारी लूट मार किंतु इनके अलावा भी ढेरों शिकायतों पर यहां कोई कार्यवाही नही होती अगर कुछ होता है तो जांच का आदेश। और फिर दफनहो जाता है सरकारी फाइलों में भृष्टाचार का वह मुद्दा। उपरोक्त परिस्थितियों से अनभिज्ञ प्रशिक्षु आईएएस रिंकू सिंह ने जब जिले में काम संभाला तो जांच को नियमानुसार जांच की तरह लिया। सर्वप्रथम वह डीएम के आदेश से जारी की गई जालौन में नजूल भूमि की लूट के विरुद्ध जांच करने पहुंच गए तो उन्ही अधिकारी ने जिन्होंने जांच का आदेश दिया था , जांच तो वहीं लावारिस पड़ी रह गई, आलाधिकारी ने आईएएस संवर्ग के जांच अधिकारी रिंकू सिंह को ही जालौन से उठा कर उरई की महत्वहीन कुर्सी पर बैठा दिया। इसी बीच आला अफसर ने कोल्ड स्टोरेजो कि जांच भी रिंकू सिंह को सौंपी थी मगर जैसे ही जांच अधिकारियों को मौके पर गंभीर अनिमितताये और गड़बड़ियां मिली तो कोल्ड स्टोरेज स्वामी की मदद करने हुए जिले के आला कमान जांच अधिकारियों के अधिकार छीन लिए। और जांच अधिकार का कोई अता पता नही। किसी दूसरे अधिकारी को भी यह जांचे नही सौंपी गई और उन्हें आरोपियों के लूटने खाने के लिए छोड़ दिया गया। प्रशासनिक मशीनरी के मठाधीश ने उरई नगर पालिका के सभासदों की मांग पर नगर पालिका के भृष्टाचार की जांच रिंकू सिंह को सौंपी तो थी मगर जैसे ही जांच अधिकारी अक्खड़ माने जाने वाले रिंकू सिंह रिक्शे पर बैठ कर जांच के लिए पहुंचे तो आला कमान के सबसे चहेते और सरकारी धन की लूट के विशेषज्ञ ईओ नगर पालिका में अपने चहेतों और ठेकेदारों के साथ मिल कर जांच अधिकारी के खिलाफ विद्रोह कर दिया सर्व रिकॉर्ड रूम ताला बंद हो गए और बाबू तथा ईओ भी बार बार नगर पालिका से भागते नजर आए। यह भृष्टाचार उजागर हो पाता उससे पूर्व ही लगातार अनीति पर चल रहे प्रशासनिक आका ने रिंकू सिंह को आदेश करा कर दोनो जांचों से हटा दिया ।यही नही अवैध खनन के मामले हो अथवा नजूल भूमि को हड़पने निर्माण कार्यों में घटिया दर्जे के बेईमानी अथवा सरकारी धन की कहीं हो रही लूटमार का मामला अथवा ओ डी ए जो जिले कब सर्वोच्च प्रशासनिक अधिकारी के इशारे पर पूरे शहर में गलत अथवा सही निर्माणों की जहां तोड़फोड़ करता है वहीं ढेरों नोटिस जारी करके की जातो है निरीह नागरिकों से अवैध धन की वसूली। ऐसे ऊपरी कामाई के इतने प्रकरण हैं कि हम न गिना पाएंगे और न आप गईं पाओगें। मुद्दे की बात यह है कि जिले में जहां चौतरफा भृष्टाचार का नंगा नाच हो रहा है वहीं भृष्टाचारी अधिकारियों को उच्च कमान द्वारा बढ़ावा दिया जा रहा है और दिया जा रहा है बड़े भरष्टाचरो को खुला संरक्षण वहीं जांच अधिकारी को न सिर्फ निराश किया जा रहा है यहां तक कि अपने आदेश से उनको दी गई भृष्टाचार विरोशी जांचे भी छीन ली गई हैं। देखना है कि सरकार के घर मे कितनी देर है अथवा वहां भी पूरा अंधेर है क्योंकि सत्ता के अनेकों दलाल जिले के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी के साथ दिन भर गप्पे लड़ाते हैं और दिखाते है सरकारी नियमों कानूनों को ठेंगा।

- **यहां बस जांच का होता है आदेश, उसका रिजल्ट नही आता सामने**
- **भ्रष्टाचार में जो जितनी ऊंची जम्प लगाता है उससे इतने ही खुश रहते है जिले के एक मुख्य प्रशासनिक अधिकारी**
- **भृष्ट अधिकारियों के लिए तो वर्तमान में जन्नत बन गया है जनपद जालौन**

- **भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा बदबू मार रहा है भृष्टाचार**
- **चाल चरित्र चेहरा नैतिकता और पारदर्शिता की बातें तो जुमला बनकर रह गईं**
- **वास्तविकता में जहां जनता के काम के हर विभाग में बिना घूस नही होता कोई जायज़ काम भी**
- **3 वर्षों से आ गई है जिले में भृष्टाचार की बाढ़**

- **जिन विशेसा अधिकार प्राप्त प्रशासनिक अधिकारी का कर्तव्य भृष्टाचार रोकना है वही लगा रहा है भृष्टाचार को खुलासा करने वाली जांचों पर रोक**
- **पूरे जिले में उन वरिष्ठ आलाधिकारी महोदय की गली कूंचों में भी हो रही है छीछालेदर, मगर उनका धर्म तो मानो भृष्टाचार का संरक्षण करना है**
- **अच्छी प्रशासनिक व्यवस्था कायम करने की शपथ लेकर प्रभार सम्भालने वाले आला अफसर के कारनामे देखकर शर्मा रहे है बड़े बड़े भृष्टाचारी**

# हिंगुटा गांव में कब्र बिज्जू निकलने से हड़कंप, तीन पकड़े गए

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच।** तहसील के ग्राम हिंगुटा में शुक्रवार सुबह कब्र बिज्जू (हनी बैजर) दिखाई देने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। तकरीबन छह से सात कब्र बिज्जू दिखाई देने का दावा ग्रामीणों ने किया है। फिलहाल, तीन कब्र बिज्जुओं को ग्रामीणों ने पकड़कर वन विभाग के सुपुर्द कर दिया है।

जानकारी के अनुसार गांव के प्राथमिक विद्यालय के बगल में स्थित सरमन कुशवाहा के खेत में पिछले तीन दिनों से छह से सात कब्र बिज्जू घूमते हुए देखे जा रहे थे। इससे ग्रामीणों, विशेषकर स्कूली बच्चों और अभिभावकों में दहशत का माहौल बना हुआ था। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने सतर्कता दिखाते हुए इनमें से तीन कब्र बिज्जुओं को सुरक्षित पकड़ लिया और इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम के मौके पर पहुंचने पर पकड़े गए वन्यजीवों को उनके सुपुर्द किया गया है ताकि उन्हें उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ा जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि कब्र बिज्जू लगातार खेतों और आबादी वाले क्षेत्र में घूम रहे थे तथा बच्चों की ओर भी आक्रामक रुख दिखा रहे थे, जिससे किसी अनहोनी की आशंका बनी हुई थी। हालांकि राहत की बात यह रही कि अब तक किसी ग्रामीण या बच्चे पर इनके हमले की पुष्टि नहीं हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है और लोग वन विभाग से शीघ्र कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। डिप्टी रेंजर अमित शर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पकड़े गए तीनों वन्य जीवों को अपने कब्जे में लेकर सुरक्षित जंगल में छोड़ने की कार्रवाई की गई। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी वन्यजीव को स्वयं पकड़ने या छेड़ने का प्रयास न करें, बल्कि तत्काल वन विभाग को सूचना दें।

# जनसत्ता दल लोकतांत्रिक की जिला स्तरीय बैठक संपन्न, जनहित के हर मुद्दे पर संघर्ष तेज करने का आह्वान

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक की जिला स्तरीय बैठक नगर में संपन्न हुई जिसमें संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, आगामी जनसंपर्क अभियान तथा वर्तमान सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक परिस्थितियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रदेश प्रधान महासचिव डॉ. ब्रजेश सिंह राजावत उपस्थित रहे उन्होने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह 'राजा भैया' के नेतृत्व में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक प्रदेश की जनता के अधिकारों, सम्मान और न्याय की लड़ाई पूरी निष्ठा के साथ लड़ रहा है। पार्टी का उद्देश्य केवल राजनीति करना नहीं बल्कि जनविश्वास को मजबूत करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और विकास पहुंचाना है।उन्होंने कहा कि आज आम नागरिक महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की बढ़ती लागत, युवाओं के सीमित रोजगार अवसर, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की चुनौतियों तथा स्थानीय विकास जैसे अनेक गंभीर विषयों से जूझ रहा है। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक सामाजिक न्याय, संवैधानिक मूल्यों, पारदर्शी प्रशासन और जनसेवा की राजनीति में विश्वास रखता है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता जनता और शासन के बीच एक सशक्त सेतु बनकर कार्य करे तथा समाज के प्रत्येक वर्ग किसान, युवा, महिला, व्यापारी, श्रमिक एवं वंचित वर्ग की आवाज को मजबूती से उठाए। बैठक में जिलाध्यक्ष सुनील सिंह द्वारा निर्णय लिया गया कि संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सक्रिय किया जाएगा, सदस्यता अभियान को गति दी जाएगी तथा जनहित के प्रत्येक मुद्दे पर लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से जनआंदोलन चलाकर जनता की आवाज को बुलंद किया जाएगा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष द्वय अखिलेश सिंह चौहान, लाल सिंह गुर्जर, जिलाध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ जितेंद्र सिंह, जिला महासचिव संजय सिंह चितौरा, जिला सचिव बृषभान सिंह गुर्जर, अमित रावत, अवनीत गुर्जर, सचिन गुर्जर प्रधान, बृजेश प्रधान चितौरा, विष्णु दयाल कुशवाहा, विमल कुमार आदि उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार स्कूटी की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन** –उरई। कोतवाली रोड स्थित पेट्रोल पंप के समीप सड़क पार करते समय तेज रफ्तार स्कूटी सवार ने युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर हालत में युवक को सीएचसी से उच्च संस्थान रेफर किया गया। पूरी घटना समीप में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भवानीराम निवासी अफसार (45) पुत्र सत्तार कोतवाली रोड पर पेट्रोल पंप के पास सड़क पार कर रहा थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कूटी चालक ने बेकाबू होकर उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह उछलकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर मारकर स्कूटी सवार मौके से भाग निकला। पूरी घटना पास में ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना के बाद पहुंचे लोगों ने उन्हें गंभीर हालत में सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उच्च संस्थान रेफर किया गया।

# आबादी में टहलबाजी कर रहे आवारा पशुओं से परेशान हैं लोग

## सभासद ने पालिका से तत्काल पकड़वा कर गोशाला और नंदीशाला भेजने की उठाई मांग

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच।** नगर की मुख्य सड़कों और विभिन्न मोहल्लों में बड़ी संख्या में घूम रहे आवारा गोवंश एवं अन्य पशुओं के कारण आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर गांधी नगर पूर्वी वार्ड के सभासद महेंद्र सिंह कुशवाहा ने शुक्रवार को अधिशासी अधिकारी नपा को ज्ञापन देकर बड़ी संख्या में घूम रहे इन आवारा पशुओं को तत्काल पकड़वाने और सुरक्षित गोशाला व नंदीशाला में भेजने की मांग की है।

पिछले दिनों जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने अधिकारियों के साथ बैठक करके उन्हें दो टूक शब्दों में जता दिया था कि सड़कों और गलियों में घूम रहे आवारा गोवंशों को तत्काल प्रभाव से पकड़वा कर गोशालाओं में संरक्षित किया जाए। डीएम के ये आदेशों निर्देशों को अधिकारियों ने कितना वजन दिया है इसकी बानगी अभी भी सैकड़ों की संख्या में नगर में घूम रहे अन्ना गोवंशों को देखकर समझा जा सकता है। बहरहाल, पालिका सभासद महेंद्र सिंह कुशवाहा द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि नगर क्षेत्र की प्रमुख सड़कों पर आवारा पशुओं का जमावड़ा बना रहता है, जिससे विद्यालय आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं, राहगीरों तथा दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों को हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। कई बार पशु आपस में लड़ने लगते हैं या अचानक सड़क पर आ जाते हैं, जिससे हादसे होने की आशंका बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या के कारण यातायात भी प्रभावित हो रहा है और लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। सभासद महेंद्र ने व्यापक जनहित में नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि नगर क्षेत्र में घूम रहे आवारा पशुओं को तत्काल पकड़वाया जाए, ताकि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और संभावित दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, क्लीनिक और मेडिकल स्टोर सील

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच।** जिले के एसीएमओ डॉ अरविंद भूषण ने शुक्रवार को मारकंडेश्वर तिराहे के पास विमल क्लीनिक और तृप्ति मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की जिसमें तमाम अनियमितताएं सामने आई। जांच के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम को विमल क्लीनिक में डॉक्टर की गैरमौजूदगी में एक अन्य व्यक्ति द्वारा मरीजों का इलाज करते हुए पाया गया। टीम ने क्लीनिक में मरीजों के उपचार और चिकित्सा व्यवस्था से संबंधित जानकारी जुटाई। स्वास्थ्य विभाग ने इसे नियमों के विपरीत गंभीर मामला माना। वहीं, तृप्ति मेडिकल स्टोर की जांच में भी रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में एक अन्य व्यक्ति द्वारा मरीजों को दवाएं दिए जाने की बात सामने आई। इन अनियमितताओं पर एसीएमओ ने दोनों प्रतिष्ठानों को सील कर दिया।

# 26वां वाटर कूलर सब्जी मंडी स्थित हनुमानजी की कुटिया पर स्थापित कराया

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन** –उरई। समाज सेवा की कड़ी में 26वां वाटर कूलर सब्जी मंडी स्थित हनुमानजी की कुटिया पर स्थापित कराया गया। इसका लोकार्पण एमडी बिशन सिंह द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि बिशन सिंह ने बाजार स्थापित किए गए वाटर कूलर की सराहना करते हुए कहा कि छत्रसाल शाखा जनहित के कार्य जिस लगन से कर रही है, वह सराहनीय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि शाखा भविष्य में भी इसी प्रकार सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाती रहेगी। अतिथि रिटायर्ड एक्सईएन राजेश त्रिवेदी ने बताया कि इस मंदिर परिसर में पहले एक कुआं था जो समय के साथ समाप्त हो गया था। आज इतिहास दोहराया गया है। अब यहां पहले की भांति आने-जाने वाले लोगों और श्रद्धालुओं को शीतल जल उपलब्ध हो सकेगा। शाखाध्यक्ष सुशील कुमार बाजपेयी ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए शाखा लगातार शहर के सार्वजनिक स्थानों पर वाटर कूलर स्थापित कर रही है। सब्जी मंडी में प्रतिदिन हजारों लोग आते हैं, ऐसे में यहां वाटर कूलर लगने से सभी को बड़ी राहत मिलेगी। कार्यक्रम में लखन लाल चंदैया, राजेश निगोतिया, राजेश त्रिवेदी, ब्रजेश सिंघल, सुशील बाजपेयी, दीपक श्रीवास्तव, अशोक कुमार गुप्ता, राजीव माहेश्वरी, डॉ. वेद शर्मा, डॉ. धर्मेंद्र मिश्रा, जितेंद्र सिंह, बालजी गुर्जर, कैलाश पाटकर आदि रहे।

# 150 साल पुरानी इमारत में संचालित व्यवसायिक गतिविधियों पर रोक लगायी गयी



( यंग भारत न्यूज )

**जालौन** –उरई। लगभग तीन माह पूर्व नगर के बाजार बैठगंज में लगभग 150 साल पुरानी इमारत में संचालित व्यवसायिक गतिविधियों पर रोक लगाते हुए पुलिस व प्रशासन की टीम ने ताला जड़कर सील लगा दी थी। इस इमारत के ध्वस्तीकरण को लेकर शुक्रवार को प्रभारी तहसीलदार ने स्थलीय निरीक्षण किया।

नगर के बाजार बैठगंज में माराठा काल में झंडा चौराहे के चारों ओर विशाल फाटक बनवाए गए थे। लगभग डेढ़ शताब्दी पूर्व बनवाए गए इस फाटक के रास्ते के दोनों ओर आठ दुकानें बनी हुई थीं। जिन में व्यवसायिक गतिविधियों का संचालन हो रहा था। वर्ष 2019 में इस इमारत को जीर्ण शीर्ण घोषित किया जा चुका है। मा. सुप्रीम कोर्ट द्वारा तत्कालीन एसडीएम को यहां व्यवसायिक गतिविधियां बंद कराने के निर्देश दिए गए थे। इसी निर्देश पर बीती सात अप्रैल को तत्कालीन एसडीएम हेमंत पटेल के नेतृत्व में पुलिस व प्रशासन की टीम ने जहां पालिका कर्मचारियों की मदद से फाटक पर स्थित आठ दुकानों को बंद कराकर उन्हें सील कर दिया था।

अब इस इमारत के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जानी है। इसको लेकर प्रभारी तहसीलदार तारा शुक्ला ने इमारत का स्थलीय निरीक्षण किया है। निरीक्षण के बाद प्रभारी तहसीलदार ने बताया जांच रिपोर्ट तैयार की जा रही है। जिसे उच्चाधिकारियों को प्रेषित किया जाएगा।

# आवासीय विद्यालय में एफ एसओ ने किया फायर ऑडिट

## गोष्ठी में छात्राओं को अग्नि सुरक्षा का दिया प्रशिक्षण

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** जिला अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) ए.के. सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को फायर स्टेशन कालपी के प्रभारी विनोद कुमार नायक के नेतृत्व में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, छौंक में फायर ऑडिट एवं अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अग्निशमन केंद्र कालपी के प्रभारी विनोद नायक फायरमैन प्रदीप कुमार सहित अग्निशमन टीम ने विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर अग्निशमन यंत्र, फायर एक्सटिंग्विशर, जल भंडारण व्यवस्था तथा अन्य सुरक्षा उपकरणों की जांच की। टीम ने विद्यालय की अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की हकीकत देख कर आवश्यक निर्देश दिये। ग्राम छौंक स्थिति आवासीय विद्यालय परिसर में आयोजित अग्नि सुरक्षा गोष्ठी में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी विनोद कुमार नायक ने छात्राओं एवं शिक्षकों को आग लगने के कारण, उससे बचाव के उपाय तथा आग लगने की स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऊष्मा, ईंधन और ऑक्सीजन के एक निश्चित स्तर पर मिलने से आग लगती है। साथ ही आग बुझाने की विभिन्न विधियों एवं अग्निशमन उपकरणों के सुरक्षित उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। छात्राओं में आपदा के समय सतर्कता, आत्मविश्वास और सुरक्षा संबंधी जागरूकता विकसित करना रहा। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या शुभानी श्रीवास्तव, शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्राओं ने सहभागिता की।

# व्यापारी से लूट का मामला!सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है पुलिस

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** ।तीन दिन पूर्व नगर में व्यापारी के घर के बाहर स्कूटी पर रखा डेढ़ लाख रुपये से भरा झोला लेकर फरार हुए बदमाशों की तलाश में पुलिस लगातार सक्रिय हैं। पुलिस आसपास के मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर बदमाशों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

28 जुलाई की रात झंडा चौराहे के पास रमा जनरल स्टोर संचालक दिलीप कुमार अग्रवाल के घर के बाहर स्कूटी पर रखा करीब डेढ़ लाख रुपये की नकदी से भरा झोला तीन नकाबपोश बदमाश बाइक से लेकर फरार हो गए थे। वारदात के बाद से पुलिस लगातार घटना से जुड़े हर पहलू की जांच में जुटी है। पुलिस टीम ने घटनास्थल से लेकर संभावित भागने वाले रास्तों तक लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज अपने कब्जे में लेकर उनका बारीकी से परीक्षण शुरू कर दिया है। फुटेज के आधार पर संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही पुलिस कुछ संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी कर रही है, जिससे घटना में शामिल बदमाशों तक पहुंचा जा सके। कोतवाल हरिशंकर चंद ने बताया कि हर बिंदु को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। पुलिस टीमों के साथ ही सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। सीओ अजय कुमार सिंह ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम के साथ ही सर्विलांस व स्वाट टीम लगातार सक्रिय है। शीघ्र ही घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

# हनुमान मंदिर पर अराजक तत्वों के जमावड़े से पुजारी और श्रद्धालु परेशान

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन –उरई।** उरई रोड स्थित वीर बालाजी हनुमान मंदिर पर अराजक तत्वों के जमावड़े से पुजारी और श्रद्धालु परेशान हैं। मंदिर के पुजारी कमलेश महाराज ने स्थानीय पुलिस प्रशासन से नगर के मंदिरों के आसपास एकत्रित होने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने और पिकेट ड्यूटी तैनात किए जाने की मांग की है।

पुजारी कमलेश महाराज ने बताया कि सावन माह शुरू हो गया है। शाम करीब चार बजे से ही नगर के महिला-पुरुष श्रद्धालुओं का मंदिर में पहुंचना शुरू हो जाता है। इन दिनों भगवान शिव का अभिषेक भी चल रहा है, जबकि मंगलवार और शनिवार को मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में मंदिर के आसपास अराजक तत्वों का जमावड़ा श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। आरोप लगाया कि अराजक तत्व मंदिरों के आसपास घूमते रहते हैं। कई बार शराब पीकर आपस में ही गाली, गलौज और झगड़ा करते हैं। इससे मंदिर आने वाले श्रृद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। पुजारी ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि शाम चार बजे से नगर के प्रमुख मंदिरों पर पुलिस पिकेट की व्यवस्था की जाए और मंदिर के आसपास इकट्ठा होने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# सालाबाद के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर बाइक फिसली, दो युवक घायल

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई** ।शुक्रवार को ग्राम सालाबाद के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के पुल के निकट एक बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे उस पर सवार दो युवक घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर यूपी-112 की पीआरवी टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जालौन पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मध्य प्रदेश के भिंड जनपद के ग्राम बरहा निवासी राजेंद्र पुत्र संताराम सिंह कुशवाहा अपने भांजे निशु पुत्र स्वर्गीय उदयराज (निवासी मोठ, झांसी) के साथ अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम सालाबाद के समीप बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के पुल के पास उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर फिसल गई। हादसे में दोनों युवक घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। राहगीरों ने तत्काल यूपी-112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही पीआरवी यूपी-32 डीजी 6307 की टीम मौके पर पहुंची और बिना देर किए दोनों घायलों को सीएचसी जालौन पहुंचाया। सीएचसी में चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार और जांच के दौरान राजेंद्र के हाथ में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई, जबकि निशु को मामूली चोटें आईं। दोनों का उपचार जारी है। पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जालौन से 19 वर्षीय युवती को भगा ले जाने में सफल रहा शोहदा

( यंग भारत न्यूज )

- जनपद से लगातार भगाई जा रहीं है किशोरियां और युवतियां
- पुलिस का शोहदों पर कोई ख़ौफ़ नही
- अपहरित कुछ दिन में स्वता आ जाती है वापस, इज्जत लूट जाने के बाद

जालौन –**उरई।** गांव का ही युवक युवती को अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया है। युवती अपने साथ घर में रखे 1.20 लाख रुपये नकद और सोने चांदी के जेवर भी ले गई है। पीड़िता मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उनकी 19 वर्षीय बेटी को गांव के ही सनत कुशवाहा ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। जब उन्हें इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने मना किया। जिस पर बेटी मान गई। लेकिन युवक ने उसका पीछा नहीं छोड़ा। वह उसे अपनी बातों में बहलाता फुसलाता रहा। आरोप लगाया कि 28 जुलाई की सुबह करीब नौ बजे वह घर के बाहर गई थी। तभी सनत उनकी बेटी को अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया। बेटी अपने साथ घर में रखे 1.20 लाख रुपये नकद और सोने, चांदी के जेवर भी ले गई है। पीड़ित मां ने बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है। वहीं, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

# बाईक फिसलने से बाईक सवार दो युवक घायल

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** बाइक से उरई की ओर जा रहे युवकों की चौराहे के पास फिसल गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना निवासी शैलेंद्र व अजमेरी शुक्रवार की सुबह बाइक से उरई की ओर जा रहे थे। जब उनकी बाइक चौराहे के पास पहुंची, तभी अचानक सामने जानवर आने से उनकी बाइक फिसल गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। दोनों घायलों को राहगीरों ने सीएचसी पहुंचाया। जहां उनका इलाज चल रहा है।

# ग्राम पहाड़पुरा पहुंचे जिलाधिकारी, ग्रामीणों की समस्याएं सुन विकास कार्यों को दी नई गति

## तालाबों के सौंदर्यीकरण, पानी की टंकी तक सड़क निर्माण एवं ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा देने के दिए निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जनपद के ग्राम पहाड़पुरा के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं एवं विकास संबंधी आवश्यकताओं की जानकारी ली। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने गांव में स्थित दो बड़े तालाबों के सौंदर्यीकरण तथा पेयजल टंकी तक पहुंचने के लिए संपर्क मार्ग के निर्माण की मांग जिलाधिकारी के समक्ष रखी। ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि गांव के दोनों तालाबों का वीबीजी राम जी योजना के अंतर्गत सौंदर्यीकरण कराए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही पेयजल टंकी तक पहुंचने के लिए संपर्क मार्ग निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र स्वीकृति हेतु भेजा जाए, ताकि ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से पंचायत भवन के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही जनसेवाओं की जानकारी भी ली। उन्होंने पूछा कि जन्म प्रमाण-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र सहित अन्य शासकीय सेवाएं समयबद्ध रूप से मिल रही हैं या नहीं। इस पर ग्रामीणों ने एक स्वर में बताया कि पंचायत भवन के माध्यम से अधिकांश छोटे-बड़े कार्य आसानी से संपन्न हो रहे हैं तथा उन्हें आवश्यक सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो रही हैं।जिलाधिकारी ने ग्राम स्थित बहुउद्देशीय सहकारी समिति का भी निरीक्षण किया। परिसर में पर्याप्त खाली स्थान उपलब्ध होने पर उन्होंने वहां नियमित साप्ताहिक बाजार संचालित किए जाने की संभावनाओं पर कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही समिति परिसर में बंद पड़ी दुकानों का नियमानुसार आवंटन कर छोटे उद्यमियों एवं स्वरोजगार से जुड़े लोगों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित हों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप गांवों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, स्थानीय रोजगार के अवसरों का सृजन तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, एआर कोऑपरेटिव शिव कुमार ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# डीएम मेहरबान तो ईओ कुरील पहलवान

### -उरई नगर पालिका में भृष्टाचार की जांच को पहुंचे रिंकू सिंह को बैरंग लौटाने वाले इओ को डीएम ने दिया कालपी नगर पालिका का इनाम

### -किसी भृष्टाचार के आरोपी को नही दिया जा सकता अतिरिक्त प्रभार

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** उत्तर प्रदेश शासन के नगर विकास विभाग द्वारा जारी एक आदेश के बाद जनपद जालौन की नगर निकाय व्यवस्था एक बार फिर चर्चा के केंद्र में आ गई है। शासन ने नगर पालिका परिषद उरई के अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील को नगर पालिका परिषद कालपी के अधिशासी अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार तत्काल प्रभाव से सौंप दिया है। यह आदेश ऐसे समय जारी हुआ है, जब उरई नगर पालिका में उनकी कार्यप्रणाली को लेकर जांच प्रक्रिया पहले से चर्चा में है। ऐसे में शासन के इस निर्णय को लेकर प्रशासनिक हलकों के साथ-साथ आमजन के बीच भी कई सवाल उठने लगे हैं।

उत्तर प्रदेश शासन के नगर विकास अनुभाग-4 द्वारा 30 जुलाई 2026 को जारी कार्यालय ज्ञाप के अनुसार कालपी नगर पालिका में नियमित अधिशासी अधिकारी की तैनाती होने तक राम अचल कुरील अतिरिक्त प्रभार का निर्वहन करेंगे। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यह व्यवस्था पूरी तरह अस्थायी होगी तथा इसके लिए किसी प्रकार का अतिरिक्त वेतन या भत्ता देय नहीं होगा।हालांकि, आदेश जारी होने के साथ ही यह सवाल चर्चा का विषय बन गया है कि जिस अधिकारी के कार्यकाल से जुड़े मामलों की जांच उरई नगर पालिका में चल रही है, उसी अधिकारी को एक अन्य महत्वपूर्ण नगर निकाय की जिम्मेदारी सौंपने का निर्णय किन परिस्थितियों में लिया गया। प्रशासनिक हलकों में इस बात पर भी चर्चा है कि क्या निर्णय लेते समय संबंधित परिस्थितियों और लंबित जांच का संज्ञान लिया गया था या यह केवल वैकल्पिक व्यवस्था के तहत किया गया फैसला है।कालपी नगर पालिका नागरिक सुविधाओं, सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों को लेकर पहले से ही संवेदनशील निकाय मानी जाती है। ऐसे में अतिरिक्त प्रभार की इस व्यवस्था को लेकर स्थानीय स्तर पर भी विभिन्न तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आने लगी हैं। कई लोग इसे महज प्रशासनिक व्यवस्था बता रहे हैं, जबकि कुछ लोग निर्णय की पारदर्शिता और औचित्य पर सवाल उठा रहे हैं।शासन का यह आदेश नगर विकास अनुभाग-4 के अनु सचिव रवीन्द्र सिंह द्वारा जारी किया गया है। इसकी प्रतियां निदेशक नगर निकाय निदेशालय, जिलाधिकारी जालौन, नगर पालिका परिषद कालपी के अध्यक्ष सहित संबंधित अधिकारियों को भेजी गई हैं।फिलहाल, शासन के इस फैसले ने प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में नई बहस छेड़ दी है। अब निगाहें इस बात पर हैं कि उरई नगर पालिका से जुड़ी जांच की प्रक्रिया किस दिशा में आगे बढ़ती है और अतिरिक्त प्रभार की व्यवस्था का कालपी नगर पालिका के संचालन पर क्या प्रभाव पड़ता है।

# नवनिर्मित तहसील से नायब तहसीलदार की सरकारी गाड़ी चोरी जाते बची

### गाड़ी चालक की घोर लापरवाही, वाहन चोर को कैसे मिली गाड़ी की चाबी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** मुख्यालय उरई की नवनिर्मित तहसील में 01 अगस्त दिन शनिवार को पहला जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील दिवस आयोजित होना है। जिसकी तैयारियों को लेकर तहसीलदार से लेकर नायब तहसीलदार के अलावा राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी लगे हुए हैं ।मिली जानकारी के अनुसार इन्हीं तैयारियों को लेकर नायब तहसीलदार हरदीप अपने गाड़ी चालक विनोद के साथ गाड़ी नम्बर यूपी-92 जी 0353 के साथ आये और तहसील परिसर में हो रही व्यवस्थाओं को अंदर देख रहे थे इसी दौरान बिहार प्रदेश का रहने वाला वाहन चोर तहसील परिसर के अंदर प्रवेश कर गया। जिसने नायब तहसीलदार के गाड़ी चालक की लापरवाही के चलते नायब तहसीलदार की गाड़ी को स्टार्ट कर पहले तो परिसर अंदर कई चक्कर लगाये मगर गाड़ी चोरी कर ले जाने उस समय सफलता नहीं मिल सकी क्योंकि तहसील के मुख्य दोनों गेट बंद थे इस लिए नायब तहसीलदार की गाड़ी चोर मौके पर ही पकड़ लिया गया बाद में उसे कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया गया है। सोचने की बात तो यह है कि गाड़ी चोर के पास नायब तहसीलदार हरदीप की गाड़ी की चाबी चोर के पास कैसे पहुंची। इसमें नायब तहसीलदार के सरकारी गाड़ी चालक विनोद की घोर लापरवाही भी सामने आ रही है।

# डीएम ने सहकारी समितियों का किया औचक निरीक्षण, किसानों से संवाद कर जानी खाद वितरण की हकीकत

### - बहुद्देश्यीय सहकारी समिति कुकुरगांव एवं पहाड़पुरा में उर्वरक स्टॉक और वितरण व्यवस्था का लिया जायजा

### - पर्याप्त खाद उपलब्ध रखने के दिए निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जनपद में किसानों को समय पर एवं सुगमता से उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बहुद्देश्यीय सहकारी समिति कुकुरगांव एवं पहाड़पुरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उर्वरक भंडारण, वितरण व्यवस्था तथा अभिलेखों का गहन निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समिति परिसर में मौजूद किसानों से सीधे संवाद कर खाद वितरण की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने किसानों से पूछा कि खाद प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई तो नहीं हो रही है। इस पर किसानों ने बताया कि उन्हें जोत के अनुसार बिना किसी परेशानी के खाद उपलब्ध कराई जा रही है तथा वितरण व्यवस्था पूरी तरह सुचारु है। एक किसान ने बताया कि वह स्वयं ई-रिक्शा से खाद लेकर जा रहा है, जिससे यह स्पष्ट है कि वितरण प्रक्रिया पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित हो रही है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्टॉक रजिस्टर एवं वितरण रजिस्टर का अवलोकन किया। अभिलेखों में उपलब्ध स्टॉक का मौके पर भौतिक सत्यापन कराया, जो सही पाया गया। समिति में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध मिला तथा किसानों को निर्धारित मानकों के अनुसार खाद वितरित की जा रही थी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी स्थिति में उर्वरकों की कमी का सामना न करना पड़े। सभी समितियों पर पर्याप्त स्टॉक बनाए रखा जाए तथा खाद वितरण पूरी पारदर्शिता, निर्धारित मानकों एवं शासन के निर्देशों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, एआर कोऑपरेटिव शिव कुमार आदि सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय कुकुरगांव पहुंचे जिलाधिकारी, बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता परखी

### - ब्लैकबोर्ड पर स्वयं प्रश्न, उत्तर लिखवाकर जांची विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता

### - पहाड़े, कविता और अंग्रेजी-हिंदी ज्ञान से हुए संतुष्ट

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जनपद में प्राथमिक विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने प्राथमिक विद्यालय कुकुरगांव का औचक निरीक्षण कर विद्यालय में संचालित पठन-पाठन व्यवस्था का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीधे कक्षा में पहुंचकर छात्र-छात्राओं से संवाद किया तथा उनकी शैक्षणिक दक्षता का स्वयं परीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने कक्षा 3, 4 एवं 5 के विद्यार्थियों को ब्लैकबोर्ड पर बुलाकर विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्न लिखवाए तथा उनका उत्तर देने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास और सहजता के साथ सभी प्रश्नों के सही एवं स्पष्ट उत्तर लिखकर अपनी शैक्षणिक तैयारी का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की समझ, लेखन क्षमता और आत्मविश्वास को देखकर जिलाधिकारी ने उनकी सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों से 13, 14, 15 एवं 19 के पहाड़े भी सुनाए, जिन्हें बच्चों ने बिना किसी हिचकिचाहट के धाराप्रवाह सुनाकर अपनी गणितीय दक्षता का परिचय दिया। इसके अलावा बच्चों ने हिंदी एवं अंग्रेजी में कविताओं का भी प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया, जिससे उनकी भाषाई क्षमता और शिक्षकों द्वारा कराए जा रहे गुणवत्तापूर्ण शिक्षण का सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

जिलाधिकारी ने शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों में बुनियादी शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए नियमित अभ्यास, नवाचारी शिक्षण पद्धति तथा अनुशासित वातावरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिए कि प्रत्येक विद्यार्थी की सीखने की क्षमता पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि सभी बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह सहित अध्यापिकाएं मौजूद रहे।

# जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

### पूर्व जनसुनवाई की लंबित शिकायतों पर सख्ती, विद्युत, सिंचाई, जल निगम (ग्रामीण) एवं जल निगम (शहरी) के अधिशासी अभियंताओं का वेतन रोका, स्पष्टीकरण तलब

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने अपने कार्यलय कक्ष में आयोजित जनसुनवाई में दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दास्त नहीं किया जाएगा तथा प्रत्येक प्रकरण का समाधान शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर किया जाए ।जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों में राजस्व, पुलिस, विद्युत, पेयजल, सिंचाई, विकास, नगर निकाय, समाज कल्याण, पेंशन, आवास, भूमि विवाद एवं अन्य विभागों से संबंधित प्रकरण प्रमुख रहे। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का केवल औपचारिक निस्तारण न किया जाए, बल्कि मौके पर जाकर जांच कर वास्तविक एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने पूर्व जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों की भी विभागवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान विद्युत, सिंचाई, जल निगम (ग्रामीण) एवं जल निगम (शहरी) विभागों द्वारा शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण न किए जाने पर उन्होंने कड़ी फटकार लगाते हुए, जवाबदेही तय कर अधिशासी अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता सिंचाई, अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) तथा अधिशासी अभियंता जल निगम (शहरी) का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने के निर्देश दिए तथा सभी से स्पष्टीकरण तलब किया। उन्होंने चेतावनी दी कि जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध भविष्य में और कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और प्रत्येक अधिकारी की जिम्मेदारी है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# गौशाला में अव्यवस्थाओं को लेकर ग्रामीण ने डीएम से की शिकायत, जांच व कार्रवाई की मांग

### -योगी सरकार का शीर्ष मुद्दा है गौशालाओं में अच्छी व्यवस्था

### - मगर गौशालाओं की व्यवस्था के जिम्मेदार रहते हैं खाने कमाने में मस्त, ग्रामीण कर रहे हैं गौशाला को व्यवस्थित करने की मांग

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** तहसील कालपी क्षेत्र के ग्राम अकोढ़ी के मजरा उमरी निवासी ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को संबोधित शिकायती पत्र सिटी मजिस्ट्रेट देकर गांव की सरकारी गौशाला में व्याप्त अव्यवस्थाओं और कथित अनियमितताओं की जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि गांव में एक सरकारी गौशाला बनी हुई है, लेकिन वहां पर्याप्त व्यवस्थाएं नहीं हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार गौशाला में करीब 130 गोवंश रखे गए हैं, जिनकी देखरेख और चारे-पानी की व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए गए हैं। आरोप है कि गौशाला में कुछ गोवंश की हालत ठीक नहीं है और उचित देखभाल के अभाव में समस्या बनी हुई है। ग्रामीण ने बताया कि आवारा गोवंश किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसान परेशान हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से पूरे मामले की जांच कराकर गौशाला की व्यवस्थाओं में सुधार कराने तथा आवारा गोवंश की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है ।इस मौके पर प्रमुख रूप से रामकुमार, जयनारायण, उमाशंकर, प्रेमशंकर, महेंद्र सिंह, शिववीर सिंह, अशोक कुमार, रामबाबू सिंह, नरेंद्र सिंह, वीर सिंह, जगराम, अतर सिंह सहित दर्जनों ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को भेंट किया।

# तेज रफ्तार पर लगेगी लगाम, जालौन में उतरीं दो इंटरसेप्टर बाइक

### एसपी विनय कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर इंटरसेप्टर मोटरसाइकिलों को किया रवाना

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** जनपद में यातायात व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने दो इंटरसेप्टर मोटरसाइकिलों को हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र में रवाना किया। आधुनिक तकनीक से लैस इन मोटरसाइकिलों के जरिए तेज रफ्तार और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर प्रभावी निगरानी रखी जाएगी।इंटरसेप्टर मोटरसाइकिलों में स्पीड लेजर गन, ई-चालान कैमरा, मल्टी टोन सायरन, पीए सिस्टम, फ्लैशर एवं वार्निंग लाइट समेत अन्य तकनीकी उपकरण लगाए गए हैं। इनके माध्यम से ओवरस्पीड वाहनों की पहचान कर मौके पर ही नियमानुसार कार्रवाई की जा सकेगी। एसपी विनय कुमार सिंह ने यातायात पुलिस को निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जाए और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि आधुनिक संसाधनों के इस्तेमाल से यातायात व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। इस अवसर पर यातायात पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल एवं अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण

**-गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निर्माण के दिए निर्देश**

**-आधुनिक लैब, स्मार्ट क्लासरूम, मिनी स्टेडियम सहित अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा विद्यालय, ग्रामीण विद्यार्थियों को मिलेगी महानगरों जैसी शिक्षा**



( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** मुख्यमंत्री की घोषणा के क्रम में ग्राम मडोरा में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल एवं अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय का जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि विद्यालय का निर्माण कार्यदायी संस्था यू.पी.पी.सी.एल. द्वारा लगभग 24 करोड़ 2 लाख 49 हजार रुपये की लागत से कराया जा रहा है। परियोजना को अक्टूबर 2027 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित है। जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन भवन, कॉलम का कार्य सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण करते हुए कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी तथा कार्य में और अधिक तेजी लाकर समयबद्ध रूप से इसे पूर्ण कराया जाए। उन्होंने नियमित निगरानी करते हुए निर्धारित मानकों के अनुरूप निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि यह विद्यालय जनपद के शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा। यहां विद्यार्थियों को स्मार्ट क्लासरूम, अत्याधुनिक विज्ञान एवं कंप्यूटर लैब, समृद्ध पुस्तकालय, डिजिटल शिक्षण संसाधन, मिनी स्टेडियम, खेल मैदान, बहुउद्देशीय गतिविधि कक्ष, स्वच्छ पेयजल, आधुनिक शौचालय, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं तथा सुरक्षित एवं प्रेरणादायी शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। इन अत्याधुनिक सुविधाओं से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्र में महानगरों जैसी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी तथा उनके बौद्धिक, शारीरिक एवं व्यक्तित्व विकास को नई दिशा मिलेगी।उन्होंने कहा कि विद्यालय के संचालन से विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा व्यवस्था, खेल गतिविधियों और तकनीकी संसाधनों का लाभ मिलेगा, जिससे उनकी प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा एवं भविष्य के करियर के लिए मजबूत आधार तैयार होगा। साथ ही क्षेत्र के अभिभावकों को भी अपने बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए बाहर भेजने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की नियमित समीक्षा करते हुए इसे गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण कराया जाए, ताकि निर्धारित अवधि में विद्यालय विद्यार्थियों के लिए संचालित किया जा सके। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विकास चौधरी सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पद्मश्री आलोक मेहता की पत्रकारिता पर पीएचडी करेंगे प्रभात दुबे



**- मीडिया और राजनीति के संबंधों के साथ पत्रकारिता के मूल्यों का भी होगा अध्ययन**

( यंग भारत न्यूज )

**उरई,जालौन।** बुंदेलखंड के मूल निवासी और बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के पीएचडी शोधार्थी प्रभात दुबे वरिष्ठ पत्रकार एवं पद्मश्री सम्मान से अलंकृत आलोक मेहता के पत्रकारिता योगदान पर शोध करेंगे। उनके शोध का विषय 'भारतीय पत्रकारिता में आलोक मेहता का योगदान : मीडिया एवं राजनीति के विशेष संदर्भ में एक अध्ययन' है। शोध के सिलसिले में प्रभात दुबे ने नई दिल्ली स्थित आवास पर पद्मश्री आलोक मेहता से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान भारतीय पत्रकारिता के बदलते स्वरूप, मीडिया की विश्वसनीयता, लोकतांत्रिक मूल्यों, जनसरोकारों तथा मीडिया और राजनीति के संबंधों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रभात दुबे ने बताया कि शोध के माध्यम से आलोक मेहता के पत्रकारिता जीवन, विचारों और योगदान का तथ्यपरक अध्ययन किया जाएगा। साथ ही भारतीय पत्रकारिता में उनके योगदान, पत्रकारिता के मूल्यों और लोकतांत्रिक व्यवस्था में मीडिया की भूमिका को भी समझने का प्रयास किया जाएगा।

आलोक मेहता ने पांच दशक से अधिक समय तक पत्रकारिता के क्षेत्र में काम किया है। उन्होंने नई दुनिया, नवभारत टाइम्स, हिंदुस्तान, दैनिक भास्कर, आउटलुक समेत कई प्रतिष्ठित संस्थानों में संपादक और वरिष्ठ पदों पर जिम्मेदारी निभाई। वे एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष एवं महासचिव भी रहे हैं। पत्रकारिता और साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें वर्ष 2009 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। प्रभात दुबे ने कहा कि यह शोध उनके लिए केवल शैक्षणिक कार्य नहीं, बल्कि भारतीय पत्रकारिता के एक महत्वपूर्ण व्यक्तित्व के विचारों और योगदान को दस्तावेज के रूप में सामने लाने का प्रयास है। शोध के निष्कर्ष पत्रकारिता के विद्यार्थियों, शोधार्थियों और मीडिया से जुड़े लोगों के लिए उपयोगी साबित होंगे। इस अवसर पर प्रभात दुबे के साथ उनके मित्र मृत्युंजय कुमार भी मौजूद रहे।

# संभावित बाढ़ को लेकर प्रशासन सतर्क

**-यमुना-बेतवा तट पर 9 बाढ़ राहत चौकियां स्थापित करने की व्यवस्था - एसडीएम**





( यंग भारत न्यूज )

**कालपी -उरई।** यमुना एवं बेतवा नदियों में संभावित बाढ़ तथा वर्षा को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और राजस्व विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। एसडीएम विनय कुमार मौर्य ने बताया कि तटवर्ती क्षेत्रों में राहत एवं बचाव के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और संम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं।

मालूम हो कि बीते कई वर्षों से यमुना नदी में जलस्तर बढ़ने पर कालपी तहसील के लगभग दो दर्जन गांव तथा नगर के छह मोहल्ले बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं। कालपी में यमुना नदी का खतरे का निशान 108 मीटर निर्धारित है। वर्ष 2025 में 2 अगस्त को आई बाढ़ के दौरान जलस्तर करीब 113 मीटर तक पहुंच गया था, जिससे कई गांवों के साथ नगर के आधा दर्जन मोहल्ले जलमग्न हो गए थे। इसी प्रकार बेतवा नदी में आई भीषण बाढ़ से भी कई गांव प्रभावित हुए थे।

एसडीएम विनय कुमार मौर्य ने बताया कि यमुना नदी के तटवर्ती सात अलग अलग गांवों में बाढ़ राहत चौकियां स्थापित की गई हैं। इसके अतिरिक्त बेतवा नदी के किनारे स्थित गांवों के लिए दो स्थानों पर बाढ़ राहत चौकियों की व्यवस्था की गई है। राजस्व विभाग के अधिकारियों, क्षेत्रीय लेखपालों, कोटेदारों, स्वास्थ्य विभाग की टीमों तथा अन्य संम्बंधित कर्मचारियों को बाढ़ की किसी भी स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। केंद्रीय जल आयोग, कालपी केंद्र के प्रभारी के अनुसार स्थानीय वर्षा का यमुना नदी के जलस्तर पर अधिक प्रभाव नहीं पड़ता है। राजस्थान के कोटा बैराज सहित ऊपरी क्षेत्रों से पानी छोड़े जाने के बाद कालपी क्षेत्र में यमुना का जलस्तर बढ़ता है। इसे देखते हुए प्रशासन जलस्तर पर लगातार निगरानी बनाए हुए है।

# बीएड प्रथम सेमेस्टर परीक्षा 10 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** बुन्देलखण्ड विश्व विद्यालय के नियंतणाधीन कालपी कॉलेज, कालपी में शुक्रवार को बीएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न हुई। इस परीक्षा केंद्र पर चार महाविद्यालयों के परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया।

महाविद्यालय में आयोजित परीक्षा में प्रथम पाली में 131 संस्थागत तथा दो बैक पेपर के परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिनमें से 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में बीएड प्रथम सेमेस्टर के पेडगोजी ऑफ उर्दू विषय की परीक्षा में 68 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। प्राचार्या केंद्राध्यक्ष डॉ. मधु प्रभा त्रिपाठी के निर्देशन में सहायक केंद्राध्यक्ष डॉ. सोमचंद चौहान एवं डॉ. विनीत कुमार चतुर्वेदी की देखरेख में परीक्षा पूरी तरह नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई।परीक्षा संचालन में कक्ष निरीक्षक प्रवीण कुमार, डॉ. राधारानी श्रीवास्तव, डॉ. पंकज द्विवेदी, नीलम निगम, गौरव गुप्ता सहित महाविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# नीट परीक्षा अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच मांग

## भारत मुक्ति मोर्चा ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** भारतीय विद्यार्थी मोर्चा एवं भारत मुक्ति मोर्चा के तत्वावधान में देशभर के विद्यार्थियों, युवाओं एवं नागरिकों की ओर से शिक्षा व्यवस्था में सुधार, नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच एवं विद्यार्थियों से संबंधित विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपाते हुए कहा कि नेट-यूजी परीक्षा में सामने आई गंभीर अनियमितताओं और धांधली ने देश के करोड़ों विद्यार्थियों के भविष्य तथा शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए हैं। संगठनों ने पूरे मामले की निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं उच्चस्तरीय जांच कर वास्तविक दोषियों की पहचान करते हुए उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन के माध्यम से ईवीएम के माध्यम से होने वाले चुनावों की व्यवस्था की समीक्षा कर चुनाव प्रणाली में पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सुधार करने, वर्तमान नीट परीक्षा प्रणाली की समीक्षा कर चिकित्सा प्रवेश परीक्षा के संचालन हेतु एआईआईएमएस की निगरानी में पारदर्शी एवं जवाबदेह परीक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग की गई। इसके अलावा जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण आंदोलन करने वाले छात्रों पर दर्ज मुकदमों को तत्काल वापस लेने तथा आंदोलन के दौरान छात्रों के साथ कथित अन्याय एवं दुर्व्यवहार की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई किए जाने की मांग भी उठाई गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से आर. वी. कुशवाहा अध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, एल. आर. अटल अध्यक्ष राष्ट्रीय मूलनिवासी संघ, सी. पी., भरत कुमार लुटेरे प्रदेश अध्यक्ष भारत मुक्ति मोर्चा सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# एमएसवी इंटर कॉलेज का शताब्दी वर्ष समारोह धूमधाम से आयोजित

( यंग भारत न्यूज )





**कालपी-उरई।** शुक्रवार को स्थानीय नगर स्थित एमएसवी इंटर कॉलेज में विद्यालय के शताब्दी वर्ष समारोह का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय के 100 वर्षों के गौरवशाली शैक्षणिक सफर को समर्पित इस समारोह में पूर्व छात्रों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्राधिकारी कालपी राजेश कमल एवं नायब तहसीलदार मुकेश कुमार उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य सुशील कुमार तथा वरिष्ठ शिक्षक आनंद शर्मा ने विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि एमएसवी इंटर कॉलेज ने एक शताब्दी के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है और समाज को अनेक प्रतिभाएं प्रदान की हैं। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. नरेश मैहर ने विद्यालय के विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। समारोह में उत्कर्ष मैहर, सुनील शाक्य, मेजर गिरिजादत्त त्रिपाठी, सुशील द्विवेदी, अरविंद द्विवेदी, रविंद्र अवस्थी, नरेंद्र यादव, संतोष अवस्थी सहित प्रबंध समिति के सदस्य एवं विद्यालय परिवार के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं अक्षिता, तनिष्क एवं स्नेहा द्वारा प्रस्तुत मधुर स्वागत गीत से हुआ, जिसकी सभी ने सराहना की। क्षेत्राधिकारी राजेश कमल ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# कोटरा जालौन बेतवा नदी में तैरता मिला अज्ञात युवक का शव, पहचान नहीं हो सकी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई /कोटरा।** कोटरा थाना क्षेत्र में बेतवा नदी पुल के नीचे शुक्रवार को एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने नदी में शव तैरता हुआ देखा तो तत्काल इसकी सूचना कोटरा पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विमलेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से शव को नदी से बाहर निकलवाया। शव काफी सड़ा-गला एवं क्षत-विक्षत अवस्था में होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही मृतक की शिनाख्त कराने के लिए आसपास के थाना क्षेत्रों सहित अन्य माध्यमों से प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किसान की मौत, दो मासूम बच्चों के सिर से उठा माता-पिता का साया

( यंग भारत न्यूज )



**उरई** ।जनपद के गोहन थाना क्षेत्र के सरावन गांव में 34 वर्षीय किसान महेंद्र प्रताप सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गोहन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

परिजनों के अनुसार, महेंद्र प्रताप सिंह की अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके कुछ ही देर बाद उनकी मौत हो गई। महेंद्र खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। बताया गया कि लगभग एक वर्ष पूर्व इलाज के दौरान उनकी पत्नी का भी निधन हो गया था। इसके बाद से वह अकेले ही अपने दोनों मासूम बेटों की परवरिश और परिवार की जिम्मेदारियां निभा रहे थे। महेंद्र की असमय मृत्यु से दोनों बच्चों के सिर से माता-पिता का साया उठ गया है। लगातार दूसरे वर्ष परिवार पर आई इस दुखद घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और रिश्तेदार उनके घर पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं ग्रामीण दोनों मासूम बच्चों के भविष्य को लेकर गहरी चिंता जता रहे हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की हर पहलू से जांच जारी है।

# सड़क पार करते समय तेज रफ्तार स्कूटी की टक्कर से युवक घायल

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन।** नगर क्षेत्र में कोतवाली रोड इंडियन पेट्रोल पंप के समीप सड़क पार करते समय तेज रफ्तार स्कूटी में युवक को टक्कर मार दी। हादसे में भाई गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जबकि स्कूटी सवार मौके से भागने में सफल हो गया, और पूरी घटना समीप में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बता दे कि नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भवानी राम निवासी अफसार पुत्र सत्तार कोतवाली रोड पर स्टेट इंडियन बैंक के समीप सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान तीन सवारी बैठा कर आ रही तेज रफ्तार स्कूटी चालक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह उछलकर सड़क पर गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। जब तक स्थानीय लोग इकट्ठे होते तब तक स्कूटी चालक स्कूटी लेकर मौके से भागने में सफल हो गया। वहीं समीप में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद कर ली। घटना के बाद पहुंचे लोगों ने उसे गंभीर हालत में उठाकर उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

# बसपा में उम्मीदवार तय करने पर मायावती की दो टूक: बोलीं- 'टिकट मैं फाइनल करती हूं, आकाश आनंद नहीं '

( यंग भारत न्यूज )

लखनऊ: उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती अब तक दो दर्जन विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का एलान कर चुकी हैं. हालांकि सीधे तौर पर मायावती की तरफ से नामों का एलान न किए जाने से यह चर्चाएं हो रही थीं कि अब पार्टी में उम्मीदवारों के नाम नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद तय कर रहे हैं, क्योंकि कई जन सभाओं में आकाश आनंद उम्मीदवारों के नाम का एलान कर चुके हैं, लेकिन बसपा सुप्रीमो मायावती ने इसे सिरे से खारिज कर दिया है. उनका कहना है कि पार्टी की तरफ से जनसभा में जिन भी उम्मीदवारों के नाम की घोषणा होती है वह सभी उम्मीदवार मैं ही तय करती हूं. छोटी या बड़ी जनसभा में उनके नामों की घोषणा हमारे पदाधिकारियों की तरफ से की जाती है.

खुद इंटरव्यू लेकर फाइनल किए दो दर्जन प्रत्याशी: उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मेरे अलावा पार्टी की तरफ से विधानसभा या लोकसभा सीटों में कौन प्रत्याशी होगा, कोई तय नहीं करता है. आकाश आनंद के बारे में मीडिया की तरफ से यह भ्रम फैलाया जा रहा है, जो सही नहीं है. उनके कद बढ़ाने या घटाने जैसी कोई बात हो ही नहीं रही है. सोशल




मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मायावती ने पोस्ट किया है कि उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा आमचुनाव अब बहुत नज़दीक आ रहा है, जिसकी तैयारी के लिए मैंने प्रदेश की पिछली कई राज्य स्तरीय बड़ी बैठकें लखनऊ पार्टी प्रदेश कार्यालय में ली हैं. यूपी चुनाव की तैयारियों पर मायावती का खुलासा: आगे भी ज़रूरत के अनुसार बैठकें ली जाएंगी. इसमें पार्टी के उम्मीदवार तय करने के लिए पार्टी के प्रदेश व मण्डल स्तरीय पदाधिकारियों को ज़रूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं, जिसके तहत अभी तक मैंने उनका इन्टरव्यू लेकर लगभग दो दर्जन से ज़्यादा उम्मीदवार फाइनल कर दिए हैं. आगे भी सभी सीटों पर मैं ही उम्मीदवार तय करूंगी. इसके बारे में अब पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनन्द को लेकर क़िस्म-क़िस्म के भ्रम फैलाये जा रहे हैं जिसमें रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है. मायावती ने 'ङ्ग' पर पोस्ट से दिया करारा जवाब: बसपा अध्यक्ष मायावती ने कहा कि अकेले उत्तर प्रदेश में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में जहां-जहां भी समय-समय पर विधानसभा के आमचुनाव होते हैं या देश में लोकसभा के भी आमचुनाव होते हैं तो वहां भी उम्मीदवारों को अन्तिम रूप मैं ही देती हूं. मायावती ने कहा कि यूपी की जिन विधानसभा सीटों पर अब तक पार्टी के उम्मीदवार तय किए गए हैं तो वहां मेरी अनुमति से ही पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी छोटी-बड़ी जनसभायें करके एलान कर रहे हैं, जिसके तहत कुछ सीटों के उम्मीदवार का एलान आकाश आनन्द भी पार्टी की जनसभा करके करेंगे. हालांकि इससे पहले देश के कई राज्यों में अभी हाल ही में विधानसभा के आमचुनाव हुये हैं जहां मेरे दिशा-निर्देशन में ही चुनावी जनसभा लेने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनन्द को भेजा गया. पिछले लगभग एक वर्ष से पूरे देश में पार्टी संगठन की समीक्षा बैठकें व जनसभा करने के लिए भी इनको भेजा जा रहा है. रैली, जनसभाओं और पार्टी की रूटीन प्रक्रिया पर ज़ोर: वे भी पूरी ईमानदारी व निष्ठा से अपनी ज़िम्मेदारी निभा रहे हैं, इसलिए उत्तर प्रदेश में इनकी भी कुछ सीटों पर पार्टी के तय किए गए उम्मीदवारों के एलान के लिए जनसभाएं हो रही हैं, जबकि इससे पहले लखनऊ में पिछले साल नौ अक्तूबर को बसपा संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर पार्टी की ऐतिहासिक महारैली भी हुई, जिसमें आकाश आनन्द को बोलने का मौक़ा दिया गया. इससे पहले लोकसभा चुनाव में भी इनको पूरे प्रदेश में व देश के अन्य राज्यों में भी पार्टी की चुनावी जनसभाएं लेने के लिए भेजा गया था, यह सब सोशल मीडिया पर मौजूद है. यह सब पार्टी की रुटीन प्रक्रिया के तहत हो रहा है.शरारती तत्वों से सावधान रहने की अपील: इसका आकाश आनन्द के कद बढ़ाने व कम करने से कोई लेना देना नहीं है और न ही पार्टी के उम्मीदवार भी तय करने से कोई लेना देना है. मायावती ने साफ तौर पर कहा है कि यह पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों की तरह ही पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष के दिशा-निर्देशन में उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर पार्टी के उम्मीदवार के एलान के लिए जनसभा कर रहे हैं, लेकिन फिर भी इनके बारे में सोशल मीडिया पर आए दिन अनाप-सनाप बातें करना ठीक नहीं है. पार्टी के लोग ऐसे सभी शरारती व जातिवादी तत्वों से हमेशा सावधान रहें.

# यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती 2025: लिखित परीक्षा का रिजल्ट जारी, 76,184 अभ्यर्थी सफल

( यंग भारत न्यूज )

लखनऊ: उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीआरपीबी) ने आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया. लिखित परीक्षा में 76,184 अभ्यर्थी सफल हुए हैं. सफल अभ्यर्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन नंबर और जन्मतिथि दर्ज कर अपना परिणाम देख सकते हैं. परिणाम देखने के लिए अभ्यर्थियों को uppbpb.gov.in पर जाना होगा.




भर्ती बोर्ड के अनुसार, लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन और शारीरिक मानक परीक्षण (पीएसटी) की प्रक्रिया 17 अगस्त 2026 से शुरू करने का प्रस्ताव है. इसके बाद छ्व्ङ्ग/पीएसटी में सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा सितंबर माह में आयोजित की जाएगी. बोर्ड के मुताबिक, भर्ती प्रक्रिया पूरी होने और अंतिम चयन परिणाम घोषित होने के बाद अभ्यर्थियों के सामान्यीकृत अंक भी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाएंगे. इसकी तिथि और प्रक्रिया की सूचना अलग से जारी की जाएगी. भर्ती बोर्ड ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे भर्ती से जुड़ी सभी जानकारी केवल आधिकारिक वेबसाइट से ही प्राप्त करें और किसी भी भ्रामक सूचना या अफवाह पर ध्यान न दें. यह भर्ती उत्तर प्रदेश पुलिस में 32,679 आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों को भरने के लिए आयोजित की जा रही है. भर्ती प्रक्रिया में 28,86,798 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था. इनमें करीब 19.62 लाख पुरुष और 9.24 लाख महिला अभ्यर्थी शामिल थे. लिखित परीक्षा 8, 9 और 10 जून 2026 को प्रदेश के सभी 75 जिलों में बनाए गए 1,183 परीक्षा केंद्रों पर हुई थी. परीक्षा में करीब 21.92 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए, जबकि लगभग 6.95 लाख अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे. अंतिम चयन परिणाम जारी होने के बाद ही अभ्यर्थियों के सामान्यीकृत अंक बोर्ड की वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे. भर्ती बोर्ड ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे परिणाम और आगे की भर्ती प्रक्रिया से जुड़ी सभी जानकारी केवल आधिकारिक वेबसाइट https.//uppbpb.gov.in से प्राप्त करें.

# यूपी सरकार का फैसला, छात्रों और किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी

( यंग भारत न्यूज )

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने किसानों और खेतिहर मजदूरों के मेधावी बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री कृषक छात्रवृत्ति योजना का दायरा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं, ताकि अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ मिल सके।



सरकार का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर किसान परिवारों के प्रतिभाशाली बच्चों को बेहतर शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराना है। राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद की 172वीं बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना को इस तरह विस्तारित किया जाए कि अधिक संख्या में पात्र छात्र-छात्राएं इसमें शामिल हो सकें। सरकार का मानना है कि आर्थिक सहायता मिलने से किसान परिवारों के बच्चों की पढ़ाई आसान होगी और वे उच्च शिक्षा की ओर आगे बढ़ सकेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना और मुख्यमंत्री खेत-खलिहान अग्निकांड दुर्घटना सहायता योजना की अवधि 1 जुलाई 2025 से 30 जून 2030 तक बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। इसके साथ ही वर्ष 2026-27 के लिए किसान कल्याण, कृषि विपणन और मंडी व्यवस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति मिली। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की कृषि मंडियों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि मंडियों में पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाया जाए, ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने में अधिक सुविधा मिल सके। साथ ही कृषि उपज प्रसंस्करण इकाइयों को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल को प्रोत्साहित करने की बात भी कही गई। सरकार के इस फैसले से एक ओर किसान परिवारों के मेधावी बच्चों को छात्रवृत्ति का अधिक लाभ मिलेगा, वहीं दूसरी ओर कृषि क्षेत्र में आधारभूत ढांचे और विपणन व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। माना जा रहा है कि इन निर्णयों से शिक्षा और कृषि, दोनों क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकता है।

# अयोध्या में दीवाली; वंदे मातरम कानून बनने पर संतों ने बांटी मिठाई, इकबाल अंसारी बोले- भारत माता की जय

( यंग भारत न्यूज )

अयोध्या : वंदे मातरम कानून बनने के बाद रामनगरी अयोध्या में दीवाली जैसे उत्सव का माहौल देखने को मिला. शहर के संतों-महंतों और श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर, पटाखे फोड़कर और मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया. संत समाज ने इसे राष्ट्र सम्मान तथा राष्ट्रीय गौरव से जुड़ा ऐतिहासिक निर्णय बताया.



दिवाकराचार्य और जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने कहा कि 'वंदे मातरम' केवल एक गीत नहीं, बल्कि देश की अस्मिता, स्वतंत्रता संग्राम के बलिदान और मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है. इस निर्णय से देशभक्ति की भावना और अधिक मजबूत होगी तथा आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध होगा. इस मौके पर मौजूद बाबरी मस्जिद मामले के पूर्व पक्षकार इकबाल अंसारी ने भी सरकार के इस फैसले का स्वागत किया. उन्होंने कहा कि वंदे मातरम का बिल पास हुआ है. हम प्राइमरी स्कूल से पढ़े हुए हैं. हमने कभी वंदे मातरम का विरोध नहीं किया है. यही कारण है कि यह खुशी हम संतों के साथ मना रहे हैं. कार्यक्रम के दौरान संतों ने 'वंदे मातरम' का विरोध करने वालों पर भी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की. उन्होंने कहा कि राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत का सम्मान प्रत्येक भारतीय का नैतिक दायित्व है. इनका विरोध नहीं होना चाहिए. संतों ने लोगों से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की भी अपील की. आयोजन के दौरान वातावरण देशभक्ति के नारों से गूंजता रहा. संत समाज ने दीपोत्सव, आतिशबाजी और मिठाई वितरण के बीच इस निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भारत माता की जय तथा वंदे मातरम के उद्घोष के साथ अपनी खुशी व्यक्त की

# डबल मर्डर! दो दोस्तों की हत्या कर सड़क किनारे फेंके शव, धारदार हथियार से कई वार

( यंग भारत न्यूज )

हरदोई में संडीला क्षेत्र में तकिया गांव के पास डबल मर्डर से गुरुवार सुबह सनसनी फैल गई। जानकारी पाते ही आईजी और एसपी घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस दोनों दोस्तों की हत्याकर शव फेंकने की बात कह रही है।



पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दोनों पर धारदार हथियार से हमला करने और सिर में गोली मारने की पुष्टि हुई है। आक्रोशित परिजनों ने सीएचसी में हंगामा किया और जाम लगाने की भी कोशिश की। मामले की जांच की लिए पुलिस की तीन टीमें गठित की गई हैं। कछौना थाना क्षेत्र के रैंसो गांव निवासी 26 वर्षीय अरुण आटामऊ स्थित जल जीवन मिशन के स्टोर में पिकअप चालक था। वहीं फैजुल्लागंज लखनऊ निवासी 26 वर्षीय अभिषेक (मूल निवासी गांव गौहानी थाना कछौना) हेल्पर था। बुधवार शाम दोनों घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने खोजबीन की। गुरुवार सुबह तकिया गांव के पास निर्माणाधीन पानी की टंकी से 500 मीटर दूर सड़क किनारे दोनों के शव पड़े मिले। कोतवाली क्षेत्र के आटामऊ स्थित पानी की टंकी पर कार्यरत पिकअप चालक अरुण और हेल्पर अभिषेक की हत्या के बाद गुरुवार को संडीला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान उन्होंने कुछ देर के लिए सड़क जाम लगाने का भी प्रयास किया। परिजनों का आरोप था कि सुबह से दोनों के शव पिकअप वाहन पर रखे रहे, लेकिन समय पर पोस्टमार्टम नहीं कराया गया। उन्होंने मौके पर आईजी और पुलिस अधीक्षक को बुलाने की मांग करते हुए कार्रवाई में लापरवाही का आरोप लगाया। इसी बीच पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भेजने की तैयारी शुरू कर दी। शवों को लेकर वाहन रवाना होने पर परिजन और आक्रोशित हो गए तथा विरोध जताने लगे। हंगामे की सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। अधिकारियों ने परिजनों को पोस्टमार्टम और जांच प्रक्रिया की जानकारी देकर समझाया, जिसके बाद मामला शांत हो गया। अरुण के बाए गाल में गोली मारी गई जो की दाहिने की तरफ से पार करते हुए निकल गई है। शरीर पर धारदार हथियार से सात चोटों की पुष्टि की गई है। वहीं मृतक अभिषेक के धारदार हथियार से सात चोटें सिर पर की गई हैं। जिसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुष्टि की गई है। एक्स-रे भी कराया गया है। पुलिस मुताबिक, दोहरे हत्याकांड की प्रारंभिक जांच में प्रेम प्रसंग की बात सामने आ रही है। फिलहाल सभी पहलुओं को देखा रहा रहा है। दोस्तों के शव मिलने के मामले की जांच तेज हो गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए लखनऊ रेंज की आईजी किरण एस घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों के साथ मौके का बारीकी से निरीक्षण कर जांच की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान आईजी ने पुलिस अधिकारियों को घटना के प्रत्येक पहलू की गहनता से जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मृतकों के चेहरे पर वार किए जाने से मौत होने की आशंका प्रतीत हो रही है। घटनास्थल से मिले सुरागों के आधार पर पुलिस जांच आगे बढ़ा रही है। फोरेंसिक टीम ने भी मौके से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए हैं, जिनका वैज्ञानिक परीक्षण कराया जा रहा है।

# 'बेटी चीखती रही. मां को खींच ले गए दो दरिंदे', शराबी पति की देह व्यापार वाली जिद ने पार की हैवानियत की हदें

( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश के फिरोजाबाद जिले के थाना उत्तर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोटला रोड पर इंसानियत को तार-तार कर देने वाली एक घटना घटी है। यहां एक महिला के साथ पहले दुष्कर्म किया गया और फिर उसकी हत्या का असफल प्रयास किया गया।



वारदात के बाद पीड़िता नग्न अवस्था में पड़ी हुई मिली, जिससे इलाके में भारी सनसनी और रोष फैल गया है। इस रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना को लेकर पीड़िता की मासूम बेटी ने डरावने खुलासे किए हैं। बेटी के मुताबिक, घटना के समय दो लोग उसकी मां को जबरन खींचकर अपने साथ ले गए थे। हैवानियत का दायरा यहीं नहीं रुका, बल्कि उन दोनों आरोपियों की नीयत इतनी खतरनाक थी कि वे उस छोटी बच्ची को भी जान से मारना चाहते थे। इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।महिलाओं के उत्पीड़न से जुड़ी एक अन्य शर्मनाक घटना में एक शराबी पति की करतूत सामने आई है, जिसे अपनी हरकतों पर बिल्कुल भी शर्म नहीं आती है। आगरा में एक महिला ने अपने पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उसका शराबी पति शराब की लत और अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए उस पर देह व्यापार (प्रॉस्टिट्यूशन) कराने का अनैतिक दबाव बना रहा था। महिला का कहना है कि जब उसने इस घिनौने कृत्य का कड़ा विरोध किया, तो उसके साथ बेहरमी से मारपीट की गई। स्थिति इतनी बदतर हो गई कि उस महिला को अपने मात्र 15 दिन के मासूम नवजात बच्चे को लेकर अपनी जान बचाकर ससुराल से भागना पड़ा। पीड़िता के अनुसार, जब उसकी शादी हुई थी तो ससुराल पक्ष के लोगों ने सरासर झूठ बोला था। उन्होंने दावा किया था कि लड़का अच्छा खासा कमाता है, जबकि सच्चाई इसके बिल्कुल विपरीत थी- वह पूरी तरह बेरोजगार निकला और आगे चलकर शराब का गंभीर लती बन गया। शादी के कुछ समय बाद ही पति का असली चेहरा सामने आ गया और वह अनैतिक दबाव बनाने के साथ-साथ लगातार हिंसा पर उतर आया। मजबूरन घर छोड़ने के बाद से ही वह पीड़िता पिछले तीन साल से लगातार न्याय के लिए दर-दर भटक रही है। वर्तमान में इस मामले को लेकर परिवार परामर्श केंद्र में दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग की प्रक्रिया जारी है, ताकि किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सके।

# चिता की लपटें उठ रही थीं, तभी अस्पताल में गूंजी किलकारी... इस परिवार की दर्दनाक कहानी ने देश को रुला दिया

( यंग भारत न्यूज )

कभी-कभी जिंदगी ऐसे मोड़ पर खड़ी कर देती है, जहां खुशी और गम एक ही आंगन में आमने-सामने खड़े दिखाई देते हैं। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में घटी एक दर्दनाक घटना ने पूरे प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर के लोगों को झकझोर कर रख दिया है।

एक ओर 10 वर्षीय मासूम बच्ची की निर्मम हत्या के बाद परिवार उसकी अंतिम विदाई की तैयारी कर रहा था, तो दूसरी ओर उसी परिवार में एक नवजात बेटे का जन्म हुआ। जिस घर में बेटे के जन्म पर खुशियां मननी थीं, वहां हर तरफ चीख-पुकार, सिसकियां और मातम पसरा हुआ था। यह घटना केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि समाज के सामने कई सवाल भी छोड़ गई है। जिस बहन ने कुछ दिन पहले तक अपने आने वाले छोटे भाई को गोद में खिलाने और उसकी कलाई पर पहली राखी बांधने के सपने देखे थे, वह अब इस दुनिया में नहीं रही। जानकारी के अनुसार, आजमगढ़ निवासी एक ई-रिक्शा चालक अपनी पत्नी और पांच बेटियों के साथ जीवनयापन कर रहा था। आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर होने के बावजूद परिवार आने वाले नए मेहमान के स्वागत की तैयारियों में जुटा था। मां गर्भवती थी और पूरे परिवार को उम्मीद थी कि जल्द ही घर में नई खुशियां आएंगी। बताया जाता है कि परिवार अपनी बड़ी बेटी के इलाज के सिलसिले में गोरखपुर आया था। किसी को अंदाजा भी नहीं था कि इलाज के लिए आया यह सफर उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा दर्द बन जाएगा। मंगलवार रात करीब 10 बजे परिवार की 10 वर्षीय दूसरी बेटी अचानक लापता हो गई। परिजनों ने पहले आसपास तलाश की, फिर पुलिस को सूचना दी। पूरी रात परिवार अपनी बेटी को खोजता रहा। हर गुजरते पल के साथ माता-पिता की चिंता बढ़ती गई। उन्हें उम्मीद थी कि शायद बच्ची कहीं भटक गई होगी और सुरक्षित मिल जाएगी। लेकिन अगली सुबह जो खबर मिली, उसने पूरे परिवार की दुनिया



उजाड़ दी। बुधवार सुबह बच्ची का शव बरामद हुआ। शव की हालत देखकर हर कोई सन्न रह गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बच्ची के साथ बेहद क्रूरता की गई थी। घटना ने पूरे इलाके में आक्रोश फैला दिया। जैसे ही परिवार को यह सूचना मिली, मां की हालत बिगड़ गई। गर्भवती होने के कारण उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए भर्ती कर लिया। गुरुवार का दिन इस परिवार के लिए शायद जिंदगी का सबसे कठिन दिन था। एक तरफ राप्ती नदी के राजघाट पर मासूम बेटी का अंतिम संस्कार किया जा रहा था। पिता कांपते हाथों से अपनी बेटी को अंतिम विदाई दे रहे थे। रिश्तेदार, पड़ोसी और स्थानीय लोग सभी नम आंखों से इस दर्दनाक दृश्य के गवाह बने। उधर, अस्पताल में मां की तबीयत लगातार बिगड़ रही थी। डॉक्टरों ने स्थिति को देखते हुए तत्काल सिजेरियन ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। सामान्य परिस्थितियों में बेटे के जन्म पर परिवार में मिठाइयां बांटी जातीं, ढोल बजते और खुशियां मनाई जातीं। लेकिन यहां हालात बिल्कुल अलग थे।जिस समय नवजात ने पहली बार रोकर अपनी मौजूदगी का एहसास कराया, उसी समय परिवार की आंखों से आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे थे। घर में कोई खुशी मनाने वाला नहीं था। सभी के मन में बस एक ही सवाल था- जिस बहन को अपने भाई का इंतजार था, वह आखिर उसे देख भी क्यों नहीं पाई? परिजनों के अनुसार, मासूम अपनी मां के गर्भ में पल रहे बच्चे को लेकर बेहद उत्साहित रहती थी। वह अक्सर पूछती थी कि भाई आएगा या बहन। परिवार के लोग बताते हैं कि वह छोटे भाई के लिए खिलौने और कपड़े देखने की बातें भी करती थी।उसे इस बात की खुशी थी कि यदि भाई हुआ तो वह पहली बार उसकी कलाई पर राखी बांधेगी।लेकिन नियति को शायद कुछ और ही मंजूर था। अब वह सपना हमेशा के लिए अधूरा रह गया। भाई इस दुनिया में आया, लेकिन उसकी बहन उससे मिलने से पहले ही दुनिया छोड़ चुकी थी। अस्पताल में मौजूद लोगों के अनुसार, मां अपनी बेटी की मौत की खबर सुनकर पूरी तरह टूट चुकी थी। मानसिक आघात का असर उसकी सेहत पर भी पड़ा। डॉक्टरों ने काफी मशक्कत के बाद सुरक्षित प्रसव कराया। नवजात पूरी तरह स्वस्थ बताया जा रहा है,

# समरसता संकल्प अभियान' की भव्य शुरुआत, काशी से आए पवित्र कलश का जोरदार स्वागत

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** 'समरसता संकल्प अभियान' की भव्य शुरुआत, काशी से आए पवित्र कलश का जोरदार स्वागत ।भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश और समाज में सामाजिक समरसता, सद्भाव और एकता की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से 'समरसता संकल्प अभियान' चलाया जा रहा है। जिस क्रम में काशी (वाराणसी) में आयोजित मुख्य कार्यक्रम से भव्य कलश लेकर पार्टी की विशेष टोली झांसी पहुंची। झांसी आगमन पर संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कलश यात्रा का झांसी की सीमा में प्रवेश करते हीग पूछ के ढेरी की पुलिया पर ऐतिहासिक और उत्साहपूर्ण स्वागत किया ।ढेरी की पुलिया पर उमड़ा जनसैलाब, फूल-मालाओं से हुआ स्वागतअभियान के जिला संयोजक डॉ. अनिल राज अहिरवार और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल के नेतृत्व में सहसंयोजक गण सहजेंद्र बघेल, यज्ञेश यादव, मनीष कोरी और वीरेंद्र नायक काशी से पवित्र कलश को लेकर = पहुंचे। जैसे ही कलश यात्रा झांसी के ढेरी की पुलिया पर पहुंची, वहां पहले से मौजूद गरौठा विधायक जवाहर लाल राजपूत और संगठन के तमाम पदाधिकारियों ने पूरी टोली का भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने गगनभेदी नारों और फूल-मालाओं के साथ कलश का अभिनंदन किया ।अष्टभुजी माता मंदिर पर कलश पूजाढेरी की पुलिया से स्वागत के बाद यात्रा आगे बढ़ी। इसके बाद अष्टभुजी



माता मंदिर महामृत्युंजय शिवालय परिसर में कलश यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। मंदिर परिसर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों ने पवित्र कलश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पूजन अखिलेश त्रिपाठी ,अनुज पाठक द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ कराया गया जिसमें पार्टी के पदाधिकारी के साथ जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी द्वारा संतों और महापुरुषों के आदर्शों को याद करते हुए समाज के हर वर्ग तक समता का संदेश पहुंचाने का संकल्प लिया गया ।पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता रहे मौजूदइस गरिमामयी यात्रा और स्वागत कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के सभी प्रमुख पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिसमें उपस्थित प्रमुख नेताओं ने कहा कि संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी ने हमेशा जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर मानव सेवा और समानता का मार्ग दिखाया है। भाजपा इस अभियान के माध्यम से उनके इसी पावन संदेश को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पूरी तरह संकल्पित है। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष चेतराम तिवारी, मंडल अध्यक्ष गुरदीप सिंह गुर्जर, छत्रपाल सिंह राजपूत ,रामराज राजपूत, हिरदेश गोस्वामी, जिनेंद्र जैन, जयप्रकाश पाल, अमित चौरसिया, मनीष कोरी, नीरज शर्मा ,यशोदा कुशवाहा जिला मंत्री, वीरेंद्र नायक अमित चौरसिया, प्रगति आर्य रविकांत, गोपाल गोस्वामी, माता प्रसाद जरिया, पवन परिहार कुलदीप , दीपक आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य विभाग ने की बडी कार्रवाई,एक क्लीनिक सहित मेडिकल को किया सील

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शुक्रवार दोपहर मारकंडेश्वर तिराहे के पास स्थित एक क्लीनिक और तृप्ति मेडिकल स्टोर पर छापेमारी कर बड़ी अनियमितताएं पकड़ीं। एसीएमओ अरविंद भूषण के नेतृत्व में पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर जांच की, जहां क्लीनिक और मेडिकल स्टोर में गंभीर लापरवाही सामने आई ।जांच के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम को क्लीनिक में डॉक्टर की गैर मौजूदगी में एक अन्य व्यक्ति द्वारा मरीजों का इलाज करते हुए पाया गया। इस क्लीनिक में आंखों का इलाज किया जा रहा था टीम ने क्लीनिक में मरीजों के उपचार और चिकित्सा व्यवस्था से संबंधित जरूरी जानकारी भी जुटाई। स्वास्थ्य विभाग ने इसे नियमों के विपरीत गंभीर मामला माना ।वहीं तृप्ति मेडिकल स्टोर की जांच में भी रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट



की अनुपस्थिति में एक अन्य व्यक्ति द्वारा मरीजों को दवाएं दिए जाने की बात सामने आई। निरीक्षण के दौरान मिली इन अनियमितताओं पर एसीएमओ अरविंद भूषण ने सख्त कार्रवाई करते हुए दोनों प्रतिष्ठानों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया ।स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य क्लीनिक और मेडिकल स्टोर संचालकों में भी हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना योग्य चिकित्सक या पंजीकृत फार्मासिस्ट के चिकित्सा सेवाएं और दवा वितरण करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# 17 अगस्त को जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करेगा भारतीय मजदूर संघ

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी** ।भारतीय मजदूर संघ की केंद्रीय कार्यकारिणी ने केंद्र सरकार से श्रमिकों की लंबित समस्याओं का तत्काल समाधान करने की मांग करते हुए 17 अगस्त को 'श्रमिक मांग दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर पूरे देश के सभी जिला मुख्यालयों, राज्य मुख्यालयों तथा औद्योगिक क्षेत्रों में प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे।

प्रमुख मांगें:

न्यूनतम पेंशन ?1000 से बढ़ाकर 7500 की जाए तथा महंगाई भत्ता जोड़ा जाए।

भारत योजना के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए।

और बोनस की वेतन सीमा समाप्त की जाए।

ग्रेच्युटी भुगतान हेतु आवश्यक सेवा अवधि 5 वर्ष से घटाकर 30 दिन की जाए।

पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए।

मानदेय कर्मचारियों को समान कार्य के लिए समान वेतन दिया जाए।

संविदा श्रमिकों को न्यूनतम वेतन तथा वेतन वृद्धि का लाभ मिले।

बैंकों में पाँच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू किया जाए।

हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन , रांची के कर्मचारियों के लंबित वेतन का भुगतान किया जाए।

23 राष्ट्रीय स्तर के श्रम कानूनों को निरस्त करने वाले चार श्रम संहिताओं को राज्यों में लागू करने की प्रक्रिया रोकी जाए।

श्रम संहिताओं में श्रमिक-विरोधी प्रावधानों में संशोधन किया जाए।

इन सभी मांगों को लेकर प्रधानमंत्री तथा श्रम मंत्री को जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा।

केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक

भारतीय मजदूर संघ की 161वीं केंद्रीय कार्यकारिणी बैठक 26 से 28 जुलाई 2026 तक रांची में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुनिल मल्लेशम ने की तथा 32 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक में अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा अपनाए गए 'डिसेंट वर्क ऑन द प्लेटफॉर्म इकोनॉमी' सम्मेलन की पुष्टि का स्वागत किया गया। इसे त्रिपक्षीय (सरकार-नियोक्ता-श्रमिक) मॉडल की सफलता बताया और श्रमिकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए सेमिनार एवं नुक्कड़ सभाएँ आयोजित करने का निर्णय लिया।

ट्रेड यूनियन फोरम पर विचार

केंद्रीय कार्यकारिणी ने ट्रेड यूनियन फोरम की सफल बैठक तथा 'हैदराबाद घोषणा' को अपनाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही निम्नलिखित विषयों पर संयुक्त कार्य जारी रखने का निर्णय लिया गया:

मानव-केंद्रित प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता

'महिलाएँ और कार्य का भविष्य'

'सभी के लिए सामाजिक सुरक्षा'

इन विषयों पर देशों की सरकारों को सुझाव देने के लिए गहन अध्ययन किया जाएगा।

# रोटरी क्लब ऑफ झांसी सिटी का 42वां अधिष्ठापन समारोह संपन्न

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** रोटरी क्लब ऑफ झांसी सिटी के समाज सेवा और समर्पण के 42 वर्ष पूरे होने के पश्चात नये सत्र काअधिष्ठापन समारोह स्थानीय एक होटल में आयोजित किया गया ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडलाध्यक्ष मेजर डोनर जसबीर सिंह भाटिया एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में ईडीएस गौरव जैन अग्रवाल एवं असिस्टेंट गवर्नर राजीव शर्मा रहे। रोटरी क्लब आफ झांसी सिटी के चार्टर मेंबर ललित जैन ने समारोह की शुरुआत कराते हुए श्रीमती शुभ्रा एवं आलोक कनकने को संचालन का दायित्व सौंपा। विघ्न विनाशक भगवान श्रीगणेश का पूजन,बंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन उपरांत राष्ट्रगान के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। निवर्तमान अध्यक्ष अतुल दुबे एवं वर्तमान अध्यक्ष राजीव रंजन ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत दिया। गत वर्ष के अध्यक्ष अतुल दुबे एवं सचिव प्रदीप साहू ने वर्ष भर की गतिविधियों और उपलब्धियों को पटल पर रखा। रोटरी की परंपरा के अनुसार अधिष्ठापन अधिकारी ने निवर्तमान अध्यक्ष एवं सचिव की रोटरी कॉलर को वर्तमान अध्यक्ष राजीव रंजन एवं वर्तमान सचिव विकास राय को हस्तांतरित कराते हुए नए कार्यभार की शुभकामनाएं दी। नए सत्र के अध्यक्ष राजीव रंजन ने रोटरी परिवार का हिस्सा बनने वाले नए सदस्य प्रशांत गुप्ता एवं श्रीमती गुप्ता का परिचय दिया। श्री रंजन ने अपना ओजपूर्ण उद्बोधन देते हुए कहा कि रोटरी की परम्परानुसार समाज सेवा के कार्यों को और बढायेंगे तथा आने वाले समय में सभी रोटेरियन मिलकर झांसी में समाज सेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे कल का भविष्य हैं इसलिए उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य पर ज्यादा ध्यान देते हुए और बेहतर बनायेंगे। श्री रंजन ने अपनी नयी टीम का भी परिचय कराया ।मुख्य अतिथि ने नए सदस्यों को रोटरी पिन, अंग वस्त्र एवं किट प्रदान कर स्वागत किया । रोटरी की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सेवाओं पर मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि के साथ , सह मंडलाध्यक्ष राजीव शर्मा ने अपने विचार रखे। उक्त अवसर पर क्लब में योगदान करने वाले रामेश्वर राय, अतुल अग्रवाल, डा सतीश अग्रवाल आदि को सम्मानित किया गया,समारोह में नरेश गुप्ता , लखन लाल गुप्ता, पुरुषोत्तम अग्रवाल, प्रमोद जैन, संजय अग्रवाल,संजय महाजन, विनोद लिखधारी, विनोद अग्रवाल, देवेंद्र रावत, महेश अग्रवाल रेमण्ड,रमेश अग्रवाल, रामेश्वर राय, पी के भटनागर,डा.प्रदीप श्रीवास्तव आदि का सराहनीय योगदान रहा। अंत में सचिव विकास राय ने सभी का आभार व्यक्त किया।




# उपजा झांसी ईकाई की सम्पूर्ण कार्यकारिणी भंग

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (उपजा) के प्रदेश मंत्री ने झांसी ईकाई की निष्क्रियता के चलते सम्पूर्ण कार्यकारिणी को भंग कर दिया। साथ ही उन्होंने आगामी दिवसों में नई कार्यकारिणी गठित करने की बात कही। बताते चले कि यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (उपजा) के प्रदेश महामंत्री ने विगत दिनों लगातार उपजा झांसी ईकाई की निष्क्रियता के चलते प्रदेश मंत्री को झांसी ईकाई की कार्यकारिणी भंग कर नई कार्यकारिणी गठित करने के लिए पत्र जारी किया था। जिसके क्रम में प्रदेश मंत्री महेश पटेरिया ने प्रदेश मुखालय से आये आदेश का अनुपालन करते हुए गत दिवस उपजा झांसी ईकाई की सम्पूर्ण कार्यकारिणी को भंग कर दिया। साथ ही उन्होंने आगामी 20 दिवस में नए सिरे से सदस्यता कराकर झांसी ईकाई का गठन करने का आश्वासन देते हुए प्रदेश मंत्री को पत्र लिखा।

## नदीगांव सब स्टेशन पर नया 33 केवी ब्रेकर लगने से उपभोक्ताओ को मिली राहत

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नदीगांव में 33 केबी विद्युत सब स्टेशन पर एक नया 33 केवी सर्किट ब्रेकर स्थापित किया गया है। इस नए ब्रेकर के लगने से क्षेत्र की बिजली व्यवस्था में महत्वपूर्ण सुधार होने की उम्मीद जताई जा रही है। यह नया सर्किट ब्रेकर हाई-वोल्टेज ओवरलोड या शॉर्ट-सर्किट की स्थिति में बिजली की आपूर्ति को तुरंत काट देगा। इससे सबस्टेशन के महंगे उपकरण जैसे ट्रांसफार्मर आदि जलने से बचेंगे और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित होगी। तकनीकी खराबी के कारण बार-बार होने वाली ट्रिपिंग की समस्या में भी कमी आएगी। इससे उपभोक्ताओं को अधिक विश्वसनीय बिजली आपूर्ति मिल सकेगी। नदीगांव और इससे जुड़े ग्रामीण तथा शहरी इलाकों के उपभोक्ताओं को अब पहले से अधिक स्थिर और बेहतर वोल्टेज प्राप्त होगा।

# आवारा पशुओ के विचरण से लोग परेशान, सडको पर छुट्टा घूम रहे पशुओ से हो सकती है बडी घटना

## सभासद ने पशुओ को तत्काल पकडवाने की मांग की

**कोंच** नगर पालिका क्षेत्र में मुख्य सड़कों और विभिन्न मुहल्लों में बड़ी संख्या में घूम रहे आवारा गोवंश एवं अन्य पशुओं के कारण आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर गांधी नगर पूर्वी वार्ड के सभासद महेंद्र सिंह कुशवाहा ने शुक्रवार को नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आवारा पशुओं को तत्काल पकड़वाने और सुरक्षित गौशालाओं में भेजने की मांग की है ।ज्ञापन में कहा गया है कि नगर क्षेत्र की प्रमुख सड़कों पर आवारा पशुओं का जमावड़ा बना रहता है, जिससे विद्यालय आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं सहित राहगीरों तथा दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। कई बार पशु आपस में लड़ने लगते हैं या अचानक सड़क पर आ जाते हैं, जिससे हादसा होने की आशंका बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या के कारण यातायात भी प्रभावित हो रहा है और लोगों में भय का माहौल बना हुआ है ।सभासद महेंद्र कुशवाहा ने जनहित को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि नगर क्षेत्र में घूम रहे आवारा पशुओं को तत्काल पकड़कर सुरक्षित गौशालाओं में पहुंचाया जाए, ताकि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और संभावित दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।



# विद्यालय को पूर्ण मात्रा में उपलब्ध हो खाद्यान्न

## पीएम पोषण योजना के उचित क्रियान्वयन के लिए बीएसए को सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र दीक्षित ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि पीएम पोषण योजना के उचित क्रियान्वयन के लिए प्रधानाध्यापक से खाद्यान्न प्राप्ति सुनिश्चित कराने की आवश्यकता है। एसओपी में खाद्यान्न के उठान एवं वितरण के सम्बन्ध में स्पष्ट दिशा निर्देशों का हवाला दिया। बताया कि मध्याह्न भोजन पंजिका में प्रधानाध्यापक, प्रधान और कोटेदार के संयुक्त हस्ताक्षर कराने और खाद्यान्न के उठान एवं वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित किए जाने का प्रावधान है। साथ ही विद्यालय को पूर्ण मात्रा में खाद्यान्न प्राप्त हो और विद्यालय में ही रखा जाए, इसकी व्यवस्था हो। कई जगह प्रधान स्तर पर जिम्मेदारी का निर्वहन ठीक से न करते हुए खाद्यान्न विद्यालय में उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। इसमें केवल कोटेदार स्तर से अभिलेखीय कार्यवाही की जा रही है। इससे वास्तविक रूप से विद्यालय को प्राप्त खाद्यान्न की प्रमाणिकता नहीं हो पाती है। जबकि निरीक्षण में एमडीएम में मिलने वाली कमी पर प्रधानाध्यापक को कार्यवाही का दंश झेलना पड़ता है। साथ ही आगत कराया कि वार्षिक समायोजन प्रपत्र में अधिकतर विद्यालय में खाद्यान्न अवशेष रहता है, तो वह कोटेदार या प्रधान के पास रहता है। जबकि किसी अनियमितता की स्थिति में प्रधानाध्यापक पर जवाबदेही डाल दी जाती है। जबकि वास्तविक प्राप्ति का कोई प्रमाण उनके पास नहीं होता। शिक्षक संघ ने मांग की कि कोटेदार को निर्देशित किया जाए विद्यालय के लिए आवंटित खाद्यान्न की प्राप्ति प्रधानाध्यापक से हस्ताक्षरित कराकर अभिलेख पूरा करे। शासनादेश के अनुरूप संयुक्त हस्ताक्षर अनिवार्य किया जाए। इसके लिए सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों को आदेशित करने की मांग की। इस पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को पत्र लिखकर विद्यालय हेतु आवंटित खाद्यान्न पूर्ण मात्रा में विद्यालय को उपलब्ध कराने के लिए लिखा है।



मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718